दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। रविवार 07 सितंबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 258 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### प्राकृतिक आपदा झेल रहे हजारों लोगों को जगी सहायता की उम्मीद





**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा करेंगे और स्थिति की समीक्षा करेंगे। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी कुछ राज्य सरकारों की तरफ से संकट से निपटने के लिए केंद्रीय कोष की मांग के बीच स्थिति का जायजा लेने के लिए इनमें से कुछ क्षेत्रों का दौरा करेंगे। भारी बारिश से उत्तर भारत के कई राज्य बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। भारी बारिश और बाढ़ से सड़कों और संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है तथा जनहानि भी हुई है।

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, पंजाब और हरियाणा में लगातार मानसून की बारिश ने इस मौसम में 500 से अधिक लोगों की जान ले ली है। वहीं, पिछले दो दिनों में ताजा भूस्खलन, अचानक बाढ़ और ढहते घरों ने दर्जनों लोगों की जान ले ली है।

### बारिश-बाढ़ से राज्यों में सड़कें बंद, फसलें बर्बाद

बाढ़, वर्षा प्रभावित राज्यों में हाईवे बंद हैं। नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। फसलें बर्बाद हो गई हैं और हजारों लोग फंसे हुए हैं। कई राज्य दशकों में अपनी सबसे खराब मौसम आपदाओं में से एक का सामना कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश विनाशकारी मानसून की मार झेल रहा है। राज्य के सभी 12 जिलों में व्यापक तबाही की खबर है।

### 20 जून से 355 लोगों की मौत

हिमाचल प्रदेश में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के आंकड़ों से पता चलता है कि 20 जून से अब तक 355 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 194 लोगों की मौत भूस्खलन, अचानक बाढ़, डूबने और बिजली गिरने जैसी बारिश से जुड़ी घटनाओं में हुई है। साथ ही 161 लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई है। वहीं, 416 लोग घायल हुए हैं, जबकि 49 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित ज़िलों में मंडी (58), कांगड़ा (50), चंबा (43), शिमला (38) और कुल्लू (31) शामिल हैं।

## जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए आयेगा किस दिशा से नाम

### नगर पंचायत चुनावों की तैयारी को लेकर बज गया है भाजपा में दावेदारी का बिगुल




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा के बारे में ये कहा जाता है कि वो चुनाव छोटा हो या बड़ा हो, उसकी रणनीति पहले से तैयार करती है। वो अपने कार्यकर्ताओं को तैनात करती है। उसकी कार्यकर्ता फौज पहले चुनावी रण में सबसे मजबूत अस्त्र माना जाने वाला हथियार वोट को बनवाती है। वो अपनी रणनीति के तहत विरोधी पक्ष के वोटों की जांच की मांग करती है और उन्हें कटवाती है।

शनिवार को मेरठ में बैठक हुई और इस बैठक के बाद पंचायत चुनाव की तैयारी का एक तरह से बिगुल बज गया। पंचायत चुनाव को लेकर पहले ही भाजप संगठन संदेश दे चुका है कि भले ही भाजपा इस चुनाव में सिम्बल पर नहीं आ रही है लेकिन वो पूरी ताकत के साथ इस चुनाव में आ रही है। संगठन को निर्देश दे दिये गये हैं कि पार्टी जिसे भी सपोर्ट करेगी वो एक तरह से भाजपा का अधिकृत




उम्मीदवार होगा। पार्टी पूरी ताकत के साथ अपने उम्मीदवार को चुनाव लड़ायेगी। सिम्बल भले ही ना लो लेकिन पार्टी का सपोर्ट रहेगा और यहां सबसे बड़ी बात ये रही है कि पार्टी का वोट भी उसे मिलेगा।

गाजियाबाद की बात करें तो यहां जिला पंचायत चुनाव भाजपा के लिए एक बड़ी चुनौती रहता है। क्योंकि उसके जिला पंचायत अध्यक्ष तो बन जाते हैं लेकिन उसे वोटों का जुगाड़ करना पड़ता है। पुरानी कहानी इस बात की बानगी रही है कि यहां वोट से ज्यादा सपोर्ट काम आती है। अब जब भाजपा ने ऐलान कर दिया है कि वो पूरी ताकत के साथ अपने अधिकृत, समर्थित उम्मीदवारो को चुनाव लड़ायेगी तो देहात में जिला पंचायत चुनाव का बिगुल बज गया है।

सूत्र बताते हैं कि उम्मीदवारी और दावेदारी के बीच का गैप खत्म करने के लिए अंदरखाने बैठकों का दौर शुरू हो गया है। इस चुनाव के पुराने खिलाड़ी एक्टिव हो गये हैं और अब समीकरण देखे जा रहे हैं।

गाजियाबाद की बात करें तो यहां भाजपा का सियासी दबदबा है और इस बार ये देखना रोचक रहेगा कि जिला पंचायत अध्यक्ष की कार कितनी रफ्तार से किस दिशा से आयेगी। अगर दो चुनावों की बात करें तो यहां जिला पंचायत अध्यक्ष की चेयर पर भाजपा विराजमान है। यहां से पहले लक्ष्मी पवन मावी जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं हैं और उनके बाद मौजूदा समय में ममता बसंत त्यागी जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। अगर दिशा की बात करें तो ये दोनों चेहरे लोनी से आते हैं। ऐसे में तीसरे जिला पंचायत अध्यक्ष की दिशा की बात होने लगी है। इस बार परिसीमन भी असर डालेगा और यहां पर सबसे बड़ी बात ये है कि जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर कौन से क्षेत्र से कौन सा चेहरा आयेगा।

### क्या रालोद मांग सकता है यहां अध्यक्ष में सहयोग



**करंट क्राइम।** सियासी समीकरण की बात करें तो इस समय रालोद भाजपा के सहयोगी दल के रूप में काम कर रहा है। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी केन्द्र सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। कोटे की बात करें तो लोनी के जावली गांव के निवासी मदन भैया खतौली से रालोद के टिकट पर भाजपा के सहयोग से विधायक हैं। रालोद और कमल की दोस्ती का कितना इफैक्ट गाजियाबाद की जिला पंचायत की राजनीति पर पड़ेगा, ये देखने की बात है। सूत्र बताते हैं कि यहां रालोद जिला पंचायत वाले चुनाव में अपनी दावेदारी कर सकता है। वो सियासी सहयोग वाली भूमिका में जिला पंचायत वाली कुर्सी को अपने कोटे में मांग सकता है। सूत्र बताते हैं कि अगर कोई मजबूत चेहरा आ गया और उन्होंने बाकी का गणित अपने दम पर साधने की बात कही तो ये समीकरण सध भी सकता है। हालांकि यहां भाजपा के पास मजबूत मोहरे हैं और चुनाव के लिए मजबूत चेहरे हैं। लिहाजा ऐसे में सहयोग वाली दोस्ती का योग क्या बनेगा ये फिलहाल देखा जायेगा।

## पुलिस लाइन में प्रशिक्षु आरक्षियों की आरटीसी का निरीक्षण करने पहुंचे आईजी चंद्र प्रकाश

### एडिशनल सीपी केशव चौधरी, डीसीपी लाइन निमिष दशरथ पाटिल रहे मौजूद







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लखनऊ स्थित प्रशिक्षण मुख्यालय के पुलिस महानिरीक्षक चन्द्र प्रकाश ने शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन पहुंचकर चल रही प्रशिक्षु आरक्षियों की रिक्रूट ट्रेनिंग कोर्स (आरटीसी) का निरीक्षण किया। इस मौके पर एडिशनल सीपी केशव चौधरी व डीसीपी लाइन निमिष दशरथ पाटिल भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया और मैदान में अभ्यास कर रहे प्रशिक्षुओं से संवाद स्थापित किया। उन्होंने आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी और व्यवहार में संवेदनशीलता बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जो मूल्य सिखाए जा रहे हैं, वही आगे जाकर जनता की सेवा में आधार बनेंगे।

### प्रशिक्षण में पुलिसिंग के भी सिखाए जा रहे हैं गुरु : केशव चौधरी

करंट क्राइम : निरीक्षण के समय अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं अपराध) केशव कुमार चौधरी भी मौजूद रहे।



उन्होंने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि -आरटीसी का प्रशिक्षण केवल शारीरिक फिटनेस तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पुलिसिंग की बारीकियों और जनता से बेहतर संवाद स्थापित करने का भी आधार है। प्रशिक्षुओं को चाहिए कि वे हर पाठ को गंभीरता से लें और उसे अपनी ड्यूटी में आत्मसात करें। भविष्य में यही प्रशिक्षण उन्हें बेहतर पुलिसकर्मी बनने में मदद करेगा।

इस अवसर पर कमिश्नरेट के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे और प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

### जनता के बीच पुलिस का चेहरा सबसे पहले दिखाई देता है : आईजी चंद्र प्रकाश



करंट क्राइम। आईजी चन्द्र प्रकाश ने प्रशिक्षुओं को आधुनिक तकनीक, अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था प्रबंधन और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक होने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस का चेहरा जनता के सामने सबसे पहले दिखाई देता है, इसलिए प्रत्येक आरक्षी को अपनी जिम्मेदारी को सेवा भाव से निभाना चाहिए।

## लगातार बारिश के बीच विद्यालयों पर डीएम का सख्त आदेश

## जर्जर भवनों में बच्चों को न बैठाया जाए








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद गाजियाबाद में पिछले कई दिनों से लगातार भारी वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी भारी वर्षा की संभावना जताई है। इसी को देखते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा आदेश जारी किया है।

उन्होंने कहा कि लगातार बारिश और नमी के कारण कई विद्यालय भवन कमजोर हो सकते हैं या पहले से जर्जर भवनों के गिरने का खतरा और बढ़ जाता है। ऐसे में छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता।

साथ ही जर्जर/क्षतिग्रस्त भवनों में बच्चों को न बैठाया जाए। निष्प्रयोज्य घोषित भवनों का उपयोग बैठने या पढ़ाई के लिए बिल्कुल न हो।

### सभी विद्यालय प्रबंधक/प्रधानाचार्य भवन का स्वयं निरीक्षण करें

करंट क्राइम : जर्जर भवन पर लाल रंग से बड़े अक्षरों में 'निष्प्रयोज्य' लिखना अनिवार्य। जर्जर भवन में प्रवेश पूर्णत निषेध रहेगा। जानकारी तुरंत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को दी जाए।

### जिलाधिकारी का सख्त संदेश

करंट क्राइम : छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यह आदेश जनपद के सभी प्रकार के विद्यालयों—परिषदीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड तथा माध्यमिक विद्यालयों—पर समान रूप से लागू होगा।

# नोएडा : यमुना में बढ़ते जल स्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट

## 18 गांव के हजारों लोग त्रस्त, एनडीआरएफ और पीएसी तैनात

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर में यमुना नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। हालात पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

### 18 गांवों की 3700 आबादी प्रभावित

तहसील सदर के 12 और दादरी के 6 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। इन इलाकों की लगभग 3700 की आबादी प्रभावित हुई है। इनमें से 3396 लोगों को विभिन्न शरणालयों में ठहराया गया है।

### शरणालयों में भोजन की व्यवस्था

शरणालयों में रह रहे लोगों के लिए सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की गई है। यहां तीनों समय भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि किसी को भी भोजन की समस्या का सामना न करना पड़े।







**एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की तैनाती :** राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ की टीम, आपदा मित्र और होमगार्ड को तैनात किया गया है। साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों में एसडीआरएफ, पीएसी और अग्निशमन विभाग की टीमें भी सक्रिय हैं।

**अलग-अलग क्षेत्रों में बचाव टीमें तैनात :** तहसील सदर सेक्टर-135 में एसडीआरएफ की टीम तैनात है, जबकि नॉलेज पार्क क्षेत्र में पीएसी 44 बटालियन की टीम काम कर रही है। तहसील दादरी सेक्टर-128 में अग्निशमन और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम मौजूद है।

**पशु शिविर में 1471 गौवंश सुरक्षित :** सेक्टर-135 ग्रीन बेल्ट पुश्ता रोड पर पशु शिविर बनाया गया है। यहां लगभग 1471 गौवंश को सुरक्षित रखा गया है।

**592 राहत किट का वितरण :** अब तक दादरी क्षेत्र में 182 और सदर क्षेत्र में 410 राहत किट वितरित की जा चुकी हैं। प्रशासन लगातार जरूरतमंदों तक राहत सामग्री पहुंचा रहा है।

### स्वास्थ्य सेवाओं की विशेष व्यवस्था

शरणालयों में रह रहे लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। विभाग की छह मेडिकल रेस्पॉन्स टीमें एंटी स्नेक वेनम समेत सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध करा रही हैं।

### 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम

बाढ़ कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय है। मदद के लिए 0120-2978231, 2978232 और 2978233 नंबर जारी किए गए हैं।

# दिल्ली सरकार ने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए 5 करोड़ की राशि देने का किया ऐलान



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 करोड़ रुपये की सहयोग राशि देने का निर्णय लिया है। पंजाब में आई कठिन घड़ी में वहाँ के भाई-बहनों का दर्द हम सबका साझा दर्द है। दिल्ली की जनता और सरकार, इस आपदा से जूझ रहे लोगों के साथ आत्मीयता और संवेदना के साथ खड़ी है। ईश्वर से प्रार्थना है कि प्रभावित परिवार जल्द इस विपत्ति से उबरें और पंजाब की पवित्र धरती पर फिर से सुख, शांति और समृद्धि लौटे।

## सोनू सूद बने पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए 'मसीहा' अक्षय कुमार ने पीड़ितों के लिए दिए 5 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** पंजाब में आई बाढ़ ने तबाही मचा दी है। इस मुश्किल समय में सोनू सूद और अक्षरय कुमार ने बाढ़ पीड़ितों के लिए मसीहा बने है। एक तरफ जहां सोनू सूद ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री भेजी है तो वहीं अक्षय कुमार ने बाढ़ पीड़ितों के लिए 5 करोड़ रुपये की सहायता दी है। लाखों लोग बेघर हो गए हैं, किसानों की सालों की मेहनत पानी में डूब गई है और हर तरफ सिर्फ पानी ही पानी है। ऐसे में कई सितारे आगे आकर राहत और मदद पहुंचा रहे हैं।

भारी बारिश के कारण पूरा पंजाब इन दिनों बाढ़ से जूझ रहा है। इस आपदा में 43 लोगों की जान जा चुकी है। 23 जिलों के हजारों गांव पानी में पूरी तरह से डूब गए। इस संकट से पंजाब के लोगों की मदद के लिए बॉलीवुड भी आगे आया है। इस बीच एक्टर अक्षय कुमार ने लोगों की मदद के लिए 5 करोड़ रुपये देने का ऐलान किया है।

इस दान के बारे में बात करते हुए अक्षय कुमार ने कहा,



'मैं इस पर अपने विचार पर कायम हूं। हां, मैं पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री खरीदने के लिए 5 करोड़ रुपये दे रहा हूं, लेकिन मैं कौन होता हूं किसी को 'दान' देने वाला? जब मुझे मदद का हाथ बढ़ाने का मौका मिलता है, तो मैं खुद को धन्य महसूस करता हूं।

# दिल्ली में शांत हो रहा यमुना का जलस्तर

## फिर भी बाढ़ से राहत नहीं, राहत शिविरों में बीमारियों से जूझ रहे लोग

**नई दिल्ली।** दिल्ली इन दिनों दोहरी मार झेल रही है। एक तरफ बारिश और दूसरी तरफ बाढ़ से दिल्ली वाले परेशान हैं। लगातार हो रही बारिश और बाढ़ से हालात खराब हैं। हालांकि शुक्रवार से यमुना का जलस्तर घट रहा है, लेकिन फिर भी निचले इलाकों में बाढ़ का संकट जारी है, क्यों कि खतरा अभी टला नहीं है। यमुना अब भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। शनिवार सुबह 6 बजे यमुना के पानी का स्तर 206।65 दर्ज किया गया।जबकि सुबह 5 बजे यह 206।67 था। बता दें कि यमुना का खतरे का निशान 205।33 होता है।सुबह 6 बजे हथनी कुंड बैराज से 58216 क्यूसेक, वजीराबाद बैराज से 120220 क्यूसेक, ओखला बैराज से 218028 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।



**दिल्ली में आज भी बारिश का अलर्ट :** दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को बारिश से थोड़ी राहत रही। कई इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक अगले 4 दिनों तक बादल छाये रहने और गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

**दिल्ली के ये इलाके बाढ़ में डूबे :** यमुना का जलस्तर बढ़ने की वजह से यमुना बाजार, मजनू का टीला, गीता कॉलोनी, गढ़ी मांडू, कश्मीरी गेट और मयूर विहार जैसे इलाके पानी-पानी हो गए हैं। राहत और बचाव टीमें अब तक 14,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचा चुकी हैं।

**राहत शिविरों में बीमार पड़ रहे लोग :** बाढ़ के कारण जलमग्न हुए इलाकों से परिवारों को राहत शिविरों में तो स्थानांतरित कर दिया गया है, लेकिन अब बाढ़ प्रभावित ये लोग बुखार, चकत्ते और ह्यफंगल इंफेक्शन' की शिकायत लेकर चिकित्सकों के पास पहुंच रहे हैं। हालांकि, राहत शिविरों में दवाइयां वितरित की जा रही हैं और नियमित स्वास्थ्य जांच की जा रही है। चिकित्सा शिविर के साथ-साथ राहत शिविर के बाहर एक एम्बुलेंस भी तैनात है।

## उपराष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर गहमागहमी शुरू

# इंडिया गठबंधन ने मंत्रणा के लिए बुलाई अहम बैठक

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर गहमागहमी शुरू हो गई है। एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन को देश के दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिया है। ऐसे में विपक्ष कहां पीछे रहने वाला है।

कल विपक्षी गठबंधन इंडी के नेता राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यालय में बैठक करेंगे। ये बैठक सुबह 10:15 बजे होनी है। कहा जा रहा है कि इंडिया ब्लॉक के नेता बैठक में उपराष्ट्रपति पद के लिए अपने संयुक्त उम्मीदवार पर चर्चा कर सकते हैं। यह बैठक एनडीए द्वारा उम्मीदवार घोषित करने के एक दिन बाद हो रही है।




### आम सहमति बनाने में जुटी सरकार

तमिलनाडु से आने वाले राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाकर भाजपा ने पॉलिटिकल मास्टरस्ट्रोक खेलने की कोशिश की है। भाजपा को लगता है कि दक्षिण से उम्मीदवार घोषित करने पर उसे विपक्ष के एक बड़े खेमे और विशेष तौर पर डीएमके का समर्थन मिलेगा।

वहीं तमिलनाडु में 2026 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। ऐसे में भाजपा को इसका पॉलिटिकल माइलेज भी मिल सकता है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मल्लिकार्जुन खरगे से राधाकृष्णन को समर्थन देने के लिए बात की है।

राधाकृष्णन के नाम की घोषणा करने के साथ ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कह दिया था कि एनडीए उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए आम सहमति बनाने के लिए विपक्षी दलों से बात करेगा। हालंकि अब यह देखना होगा कि विपक्ष इसके लिए तैयार होता है या नहीं।

# दिल्ली के लाल किले की सुरक्षा में सेंध

## हीरे-पन्ना और माणिक जड़ा करोड़ों का सोने का कलश चोरी

**नई दिल्ली:** दिल्ली के लाल किला परिसर में बुधवार को एक धार्मिक कार्यक्रम में सोने और हीरे से जड़ा कलश चोरी हो गया। इस कलश की कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। कारोबारी सुधीर जैन ने इस घटना की एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने संदिग्ध की पहचान कर ली है और उसे जल्द ही पकड़ने की उम्मीद है। यह घटना लाल किला परिसर के 15 अगस्त पार्क में हुई।

**जैन धर्म से जुड़ा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित :** दिल्ली पुलिस के मुताबिक यह घटना तब हुई जब लाल किला परिसर में जैन धर्म से जुड़ा एक धार्मिक कार्यक्रम चल रहा था। यह कार्यक्रम 28 अगस्त से शुरू हुआ था और 9 सितंबर तक चलने वाला था। कार्यक्रम के लिए एक विशेष मंच बनाया गया है। मंच पर केवल धोती-कुर्ता पहने हुए और अनुमति प्राप्त लोगों को ही बैठने की अनुमति है। सुधीर जैन नाम के एक व्यापारी हर दिन अपने





घर से पूजा के लिए कीमती कलश ला रहे थे। पुलिस के अनुसार, यह कलश 760 ग्राम सोने से बना था. इस पर 150 ग्राम हीरे, माणिक और पन्ना भी जड़े हुए थे।

**सुधीर जैन लेकर आए थे इतना महंगा कलश :** पुलिस ने बताया कि सुधीर जैन मंगलवार को भी कलश लेकर आए थे। उन्होंने कलश को पूजा स्थल पर रख दिया। आसपास श्रद्धालु बैठ गए। तभी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला भी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। कार्यक्रम के आयोजक और अन्य लोग उनके स्वागत में व्यस्त हो गए। इसी दौरान मंच पर मौजूद लोगों का ध्यान कलश से हट गया।

**ऐसे गायब हुआ कलश :** कुछ समय बाद जब दोबारा कलश की ओर देखा गया, तो वह गायब था। पहले लोगों को लगा कि शायद कलश कहीं दब गया होगा। लेकिन जब ओम बिड़ला के जाने के बाद तलाश शुरू हुई तो पता चला कि कलश चोरी हो गया है। कोतवाली के एसीपी शंकर बनर्जी के नेतृत्व में एक टीम ने जांच शुरू कर दी है। जांच में पता चला कि एक संदिग्ध शख्स कई दिनों से धोती-कुर्ता पहनकर आयोजन स्थल के आसपास घूम रहा था।

संदिग्ध व्यक्ति आयोजकों और श्रद्धालुओं से घुल-मिल गया। उसने मौके का फायदा उठाया और मंच तक पहुंच गया। जैसे ही ओम बिड़ला के आने की खबर से अफरा-तफरी मची, उसने कलश छिपा दिया। फिर भीड़ के कम होने से पहले ही वह वहां से गायब हो गया। पुलिस को घटनास्थल के कुछ सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। इन फुटेज में संदिग्ध की हरकतें कैद हैं।

# बारिश और बाढ़ से त्राहिमाम कर रहे राज्यों का दौरा करेंगे पीएम

**नई दिल्ली।** देशभर में बारिश और बाढ़ ने तबाही मचाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित राज्यों का दौरा कर नुकसान का आकलन करेंगे। सूत्रों ने बताया कि बारिश और बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा कर पीएम मोदी स्थिति की समीक्षा करेंगे। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर भारतीय राज्यों, विशेषकर पंजाब और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण बड़ी जन-धन की हानि हुई है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड भी भूस्खलन और अतिवृष्टि से जूझ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी बहुत जल्द इन राज्यों के प्रभावित इलाकों का दौरा कर सकते हैं। फिलहाल उनके कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

प्रधानमंत्री ने पंजाब के सीएम से




बात कर जानकारी ली

गौरतलब है कि पीएम मोदी ने हाल ही में जापान और चीन दौरे से लौटने के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से बात की थी। केंद्र सरकार लगातार प्रभावित राज्यों को राहत और बचाव कार्यों में सहयोग दे रही है।

# चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन फिर से शुरू

## खराब मौसम के चलते रोकी गई थी यात्रा, श्रद्धालु खुशी से झूमे

**देहरादून:** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा एक बार फिर से शुरू हो गई है। यात्रा पर लगी अस्थाई रोक आज से हटा दी गई है। चारधाम यात्रा शुरू (उँ१ ऊँ ३१ र३१३२ अ्रॅल्ल) होने से यात्रियों में उत्साह और खुशी की लहर देखी जा रही है।हालांकि सिर्फ दो धामों के लिए ही यात्रा फिर से शुरू की गई है। दरअसल खराब मौसम और लगातार हो रही बारिश की वजह से 5 सितंबर तक चारधाम यात्रा रोक दी गई थी, जिसे शनिवार को फिर से खोल दिया गया है। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू कर दिया गया है।



**चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू :** ऋषिकेश में 200 से अधिक यात्री अब तक चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। जैसे ही प्रशासन ने यात्रा को फिर से खोले जाने का आदेश जारी किया रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया दोबारा शुरू कर दी गई। दरअसल बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा फिर से शुरू होने के इंतजार में ऋषिकेश में डटे हुए थे। उनको जैसे ही पता चला कि यात्रा पर लगी रोक हट गई है उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यात्री फिर से बाबा के दर्शन के लिए निकलने लगे हैं। वहीं नए यात्रियों का रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो गया है।

अलग-अलग राज्यों से आए करीब 200 से ज्यादा तीर्थ यात्री चारधाम यात्रा खुलने का इंतजार पिछले 5 दिनों से कर रहे थे। 6 सितंबर को सरकार ने दो धामों बद्रीनाथ केदारनाथ के लिए यात्रा को दोबारा शुरू कर दिया है। 5 दिनों से ऋषिकेश में यात्रा शुरू होने का इंतजार कर रहे यात्रियों ने आज सुबह आदेश मिलते ही तुरंत रजिस्ट्रेशन करवाया और दोनों धामों के दर्शन पर निकल पड़े।

**बारिश-लैंडस्लाइड की वजह से लगी थी यात्रा पर रोक :** उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश और खराब मौसम की वजह से 1 सितंबर को चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा सरकार ने 5 सितंबर तक के लिए स्थगित की थी। कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने बताया था कि भारी बारिश से प्रदेश में कई जगह भूस्खलन और मलबा आने से मार्ग बाधित हो रहे हैं। जिन्हें सरकार प्राथमिकता पर खोल रही है, लेकिन यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा को 5 सितंबर तक के लिए स्थगित करने का फैसला लिया गया है।

# मुंबई में गणेश चतुर्थी पर बम धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

### 5 अक्टूबर तक ड्रोन उड़ाने पर बैन


**मुंबई।** मुंबई में गणेश चतुर्थी के उत्सव के बीच एक सनसनीखेज खबर सामने आई। अनंत चतुर्दशी के दिन शहर को दहलाने की धमकी देने वाला शख्स अब पुलिस की गिरफ्त में है। नोएडा पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए आरोपी को पकड़ लिया और उसे मुंबई पुलिस के हवाले कर दिया। मुंबई में ड्रोन और अन्य उड़ने वाली वस्तुओं पर एक महीने के लिए बैन लग गया है और आदेश 5 अक्टूबर तक लागू रहेगा।



**आरोपी की गिरफ्तारी और उसके खिलाफ कार्रवाई :** मुंबई पुलिस के अनुसार, क्राइम ब्रांच ने यूपी के नोएडा से अश्विन कुमार सुप्रा (50) को बम धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अश्विन कुमार बिहार का रहने वाला है, और पिछले पांच साल से नोएडा में रह रहा था। पुलिस ने धमकी देने में इस्तेमाल किया गया उसका फोन और सिम कार्ड जब्त कर लिया है। उसे अब मुंबई लाया जा रहा है, और इस मामले में आगे की जांच जारी है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

नई दिल्ली। रविवार 07 सितंबर -2025
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का विजन करेगा काम


# बारिश के बाद सुधरेगी सड़कों की हालत, जब 9 करोड़ की लागत से होगा पैच वर्क का काम









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बरसात के चलते शहर की सड़कों पर पड़े गड्ढों को भरने और मार्गों को सुगम बनाने के लिए नगर निगम ने अभियान शुरू करने की तैयारी कर ली है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्माण विभाग को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सितंबर के अंतिम सप्ताह से सभी पांचों जोन में सड़कों का पैच वर्क कार्य प्रारंभ होगा।

मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि निगम द्वारा निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और सड़कों का चिन्हांकन जारी है। बरसात थमने के बाद पैच वर्क तेजी से कराया जाएगा। लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से मुख्य मार्गों के साथ-साथ कॉलोनियों की आंतरिक सड़कों को भी गड्ढा मुक्त किया जाएगा। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि दीपावली व अन्य त्योहारों से पूर्व निगम की सड़कों को सुगम और गड्ढा मुक्त बनाना प्राथमिकता है।

### नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का निर्देश

करंट क्राइम : नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पैच वर्क में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। बरसात के कारण जहां सड़कें सबसे अधिक क्षतिग्रस्त हुई हैं, वहां प्राथमिकता से काम किया जाएगा।



### किन-किन क्षेत्रों में होगा पैच वर्क

**कवि नगर जोन :** बम्हेटा, रईसपुर, संजय नगर, विवेकानंद नगर, कवि नगर जीवन विहार, गोविंदपुरम, शास्त्री नगर, राज नगर, चिरंजीवी विहार, अवंतिका, जागृति विहार, रजापुर।
**मोहन नगर जोन :** शालीमार गार्डन, राजेंद्र नगर, करेड़ा, एयरफोर्स गोल चक्कर, जनकपुरी, रामनगर, वृंदावन गार्डन, डीएलएफ, श्याम पार्क, शहीद नगर।
**विजयनगर जोन :** सेन चौक, चाणक्य चौक, सम्राट चौक, प्रताप विहार चौक, तिकोना पार्क, संतोष मेडिकल कॉलेज रोड, एनएच-9 से मेरठ रोड तिराहा, तिगड़ी गोल चक्कर।
**सिटी जोन :** अशोक नगर, नेहरू नगर, हिंडन विहार, नूर नगर, श्मशान घाट मार्ग, नंदग्राम, पटेल नगर, लोहिया नगर, राजनगर एक्सटेंशन जाने वाले मार्ग, पंचवटी, चौधरी मोड़, जस्सीपुरा, इस्लामनगर।
**वसुंधरा जोन :** वसुंधरा, वैशाली, कौशांबी, भोवापुर, कड़कड़ मॉडल गांव, डाबर तिराहा।
**इंदिरापुरम क्षेत्र :** अहिंसा खंड, अभय खंड, ज्ञान खंड, नीति खंड, शक्ति खंड।

## यूपीएसएसएससी पेट-2025 की परीक्षा में पहले दिन 11620 अभ्यर्थियों ने छोड़ा एग्जाम





### - दो पारियों में 38828 अभ्यर्थियों ने दिया पेपर
### - सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को गाजियाबाद के 51 अलग-अलग सेंटरों पर यूपीएसएसएससी पेट-2025 की परीक्षा में शनिवार को गाजियाबाद में कुल 38,828 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। तो दोनों पारियों को मिलाकर 11620 अभ्यर्थियों ने परीक्षा भी छोड़ी है। पहली पारी में 5793 ,तो दूसरी पारी में 5827 अभ्यर्थियों ने पेपर नहीं दिया। उधर अलग-अलग परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट और स्टेटिक टीम लगाई गई थीं। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में पुलिस के अधिकारियों को भी परीक्षा ड्यूटी में लगाया गया था। तो वहीं नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए शासन स्तर से जारी गाइडलाइन का अनुपालन कराया गया है। बता दें कि रविवार को भी 51 केंद्रों पर दो पारियों में परीक्षा होगी।

जिसमें पहली पारी सुबह 10 बजे से 12 बजे और दूसरी 3 से 5 होगी। परीक्षा को लेकर सुरक्षा के इंतजामों के साथ ही प्रशासन द्वारा परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न कराने की सभी व्यवस्था की गई हैं।

## जीएसटी संशोधन से लोगों को मिलेगी बड़ी राहत : के डी त्यागी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा नेता के ड़ी त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में बदलाव किया गया है जो की एक ऐतिहासिक फैसला है। जीएसटी की दरों को घटने से देश की जनता को बड़ी राहत मिलेगी और उन्होंने कहा कि जीएसटी की घटी दरों से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। आम जनता को जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा कराने में आसानी होगी। देश का आर्थिक विकास होगा। केंद्र सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है कुछ दिनों में नवरात्रि और दीपावली का त्यौहार आने वाला है। उससे पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को दीपावली का खूबसूरत उपहार दिया है।

## जीएसटी में बदलाव के लिए केंद्र सरकार बधाई की पात्र, जनता खुश : डॉ. सोनू पाठक



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल डॉक्टर सोनू पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी में बदलाव किया है जो ऐतिहासिक फैसला है। इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा सरकार बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा जैसा कि आप सभी को मालूम है कि जीएसटी काउंसिल की बैठक में जो कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई। उसमें जीएसटी कटौती तथा आम लोगों को कैसे राहत मिले इसके विषय में व्यापक चर्चा हुई। आम हित और जनहित से जुड़े हुए अहम मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिनका आम आदमी के जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। आगामी फेस्टिवल सीजन से पहले इस प्रकार की राहत के लिए मोदी सरकार और देश की जनता को बधाई। यह जीएसटी बदलाव आम आदमी को काफी सहूलियत प्रदान करेगा। आम आदमी के जीवन से जुड़े हुए यह अच्छे फैसले हुए हैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मोदी सरकार बधाई की पात्र है।




# अतिक्रमण के खिलाफ चला पुलिस का डंडा

## पुलिस ने अपनाया धारा 152बीएनएसएस का फंडा

### इंदिरापुरम पुलिस का कड़ा एक्शन, स्वर्ण जयंती पार्क के सामने से अतिक्रमण शीघ्र हटाने के निर्देश







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रांस हिडन जोन की थाना इंदिरापुरम पुलिस ने धारा 152 बीएनएसएस के अंतर्गत अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में शनिवार को स्वर्ण जयंती पार्क के सामने की सड़क पर लगे अवैध अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने स्वयं मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का नेतृत्व किया। थाना इंदिरापुरम पुलिस ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए अतिक्रमणकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी प्रकार का कब्जा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि जनता की सुविधा, सुचारू यातायात व्यवस्था और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि चिन्हित अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए, ताकि लोगों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ इसी प्रकार अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### मसूरी पुलिस ने अतिक्रमण हटवाया, थाना प्रभारी अजय चौधरी बोले–नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अतिक्रमण के खिलाफ बड़े स्तर पर चलाए जा रहे अभियान के तहत मसूरी पुलिस ने शनिवार को विशेष अभियान चलाया। थाना प्रभारी मसूरी अजय चौधरी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में निकले और जगह-जगह अतिक्रमण हटवाया। पुलिस बल के पहुंचते ही अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया।

थाना प्रभारी मसूरी अजय चौधरी ने साफ कहा कि अतिक्रमण करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर कब्जा करने वालों को चेतावनी दी गई है कि यदि अब भी नियमों का पालन नहीं किया गया तो पुलिस की ओर से नोटिस भेजकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़कें और सरकारी जमीनें जनता की सुविधा के लिए हैं, किसी व्यक्ति विशेष के कब्जे के लिए नहीं।

अभियान के दौरान पुलिस ने कई दुकानदारों और राहगीरों को भी जागरूक किया। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की कि वे खुद भी इस मुहिम में सहयोग करें और अतिक्रमण जैसी गतिविधियों से बचें, ताकि यातायात व्यवस्था और आमजन को किसी प्रकार की समस्या न हो।

गौरतलब है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन–नगर, ग्रामीण और द्वितीय में लगातार अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि शहर और ग्रामीण इलाकों को अतिक्रमण मुक्त बनाना प्राथमिकता है और इसके लिए नियमित रूप से अभियान जारी रहेगा।

# वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने धूमधाम से मनाया 10वां स्थापना दिवस



## इस मौके पर स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन





### कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण

- नि:शुल्क ओपीडी एवं हड्डियों की जाँच
- नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी
- नि:शुल्क जनरल सर्जरी कैम्प
- विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श
- सिटी स्कैन, पैथोलॉजी एवं एक्स-रे पर विशेष छूट

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** वरदान सेवा संस्था द्वारा संचालित वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपने दसवें स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए भव्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

इस अवसर पर मरीजों और आमजन के लिए निःशुल्क ओपीडी, हड्डियों की जाँच, सिटी स्कैन, पैथोलॉजी एवं एक्स-रे पर विशेष छूट, निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी तथा निःशुल्क जनरल सर्जरी कैम्प का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक अजय महावर ने अपने संबोधन में कहा कि वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बीते एक दशक से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का आधार स्तंभ बनकर उभरा है। यहाँ के निःस्वार्थ प्रयासों से गरीब और जरूरतमंद लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ मिल रही हैं।

इस मौके पर वरदान सेवा संस्थान से कृष्ण वीर सिंह सिरोही (अध्यक्ष), विजय शंकर (मंत्री), विपुल गुप्ता (सह मंत्री), सुधीर मित्तल, कैलाश सिंघल, हॉस्पिटल से ललित जायसवाल (अध्यक्ष), प्रबंध सचालिका गरिमा अग्रवाल, सज्जन गोयल, तरुण कुमार (मीडिया प्रभारी), आलोक मित्तल, डॉ. हिमांशु भारद्वाज समेत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

शिविर में सुबह से ही मरीजों और परिजनों की भीड़ उमड़ी रही। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने निःशुल्क परामर्श दिया। 447 मरीजों का पंजीकरण और जाँच की गई, जबकि 5 मरीजों की निःशुल्क दूरबीन द्वारा पथरी की सर्जरी की गई। हॉस्पिटल प्रबंधन ने कहा कि यह स्थापना दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प है। आने वाले समय में और अधिक आधुनिक सुविधाएँ जोड़ी जाएँगी तथा निःशुल्क शिविरों की श्रृंखला को भी जारी रखा जाएगा।

## संपादकीय

### बारिश से संकट

देश की राजधानी नई दिल्ली, मिलेनियम सिटी गुरुग्राम, वित्तीय राजधानी मुंबई, सिलिकन सिटी बेंगलूरु और उभरते औद्योगिक केंद्र चेन्नई में एक बात साझा है। बीते दशक में हर मॉनसून में देश के ये महानगर जो अहम औद्योगिक गतिविधियों के केंद्र भी हैं, पूरी तरह ठप हो जाते हैं। हाल में आई बाढ़ में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और मुंबई के अनेक हिस्सों में बाढ़ और लोगों के विस्थापन के जो दृश्य नजर आए वे इसी प्रक्रिया का हिस्सा हैं। नगर निगम के अधिकारीगण मौसम की इन अतियों के कारण बड़े पैमाने पर हो रही इस आपदा, लोगों की मौतों और आर्थिक क्षति, सभी से अवगत हैं। परंतु इसका हल उनके पास भी नहीं नजर आ रहा है।

पहली नजर में बढ़ता शहरीकरण इसके लिए दोषी नजर आता है। सच तो यह है कि यह शहरीकरण दुनिया भर में आर्थिक वृद्धि और विकास का अपरिहार्य परिणाम है। भारत भी अलग नहीं है। असली चुनौती है यह सुनिश्चित करना कि बढ़ते शहरी केंद्रों का सही ढंग से नियोजन किया जाए और उनके रखरखाव तथा उन्हें टिकाऊ बनाने के लिए सही वित्तीय मॉडल के साथ-साथ उचित संतुलन कायम किया जाए। भारत के अधिकांश हिस्सों में ऐसा नहीं हो पाया है। खासतौर पर जहां निर्माण लॉबी का प्रभाव नगरीय निकायों पर लगातार बढ़ता जा रहा है। वह भी तब जब ये संस्थाएं वित्तीय संकट से जूझ रही हैं। इसका परिणाम यह है कि पेड़ों को मनमाने ढंग से काटा जा रहा है, या उनकी जड़ों को दमघोंटू कंक्रीट संरचनाओं में बंद कर दिया जाता है। हरियाली लगातार नष्ट हो रही है, और जलाशयों को बिना स्थानीय जल-प्रणाली की समझ के कंक्रीट से ढक दिया जाता है, जबकि मूलभूत जल निकासी प्रणाली और बाढ़ नियंत्रण ढांचे की कमी साफ तौर पर दिखाई देती है। यहां तक कि मानसून से पहले नालियों की सफाई जैसे सरल कदम भी नगर प्रशासन की समझ से बाहर प्रतीत होते हैं।

जलवायु परिवर्तन और अत्यधिक गर्मी के कारण ये समस्याएं हर साल और गंभीर हो रही हैं तथा इनका तत्काल हल तलाश करना जरूरी है। अध्ययन दिखाते हैं कि खासकर उत्तर-मध्य भारत में मॉनसून का असर हालिया दशकों में काफी अधिक रहा है। मॉनसून बहुत असंयमित भी हुआ है। उदाहरण के लिए इस वर्ष मॉनसून जल्दी आ गया। कुछ राज्यों में यह दो सप्ताह से लेकर 18 दिन तक पहले आ गया।

इसके अलावा इसने कई पश्चिमी विक्षोभों को और मजबूत किया जिससे भारी बारिश हुई। जम्मू-कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड तक भारी बारिश के कारण क्षति के शिकार हुए। डाउन टु अर्थ पत्रिका के मुताबिक इस वर्ष अगस्त के अंत तक मॉनसून ने 15 पश्चिमी विक्षोभ झेले। इससे हिमालय के निचले इलाके में, जहां अनियोजित निर्माण कार्य हुए हैं, वहां पहाड़ धसकने और वृक्षों के गिरने की तमाम घटनाओं से भारी नुकसान हुआ। इस वर्ष हरसिल घाटी के पास भूस्खलन से हुई मृत्यु और विनाश की श्रृंखला का मुख्य कारण यह था कि वहां के नाजुक भू-भाग पर आवासीय भवनों और होटलों आदि का निर्माण किया गया। यह निर्माण ऐसी जगह हुआ जहां कायदे से नहीं होना चाहिए था।

भविष्य की बात करें तो भारतीय शहरों को मॉनसून की दृष्टि से बेहतर तैयारी की जरूरत है। पहली बात तो ये कि हमारे शहर मौसमी बारिश के लिए भी तैयार नहीं हैं। शहरी जल निकासी व्यवस्था मॉनसून की विस्तारित अवधि से निपटने के लिए तैयार नहीं है। इसके अलावा अब कम समय में भी तेज बारिश की घटनाएं हो रही हैं जिनसे निपटना मुश्किल है। अगस्त में सामान्य से 5 फीसदी अधिक बारिश के बाद भारत के मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि सितंबर में भी औसत से अधिक बारिश होगी। सितंबर के पहले हफ्ते में ही दिल्ली और गुरुग्राम पानी में डूब गए। यह विकसित भारत के लिए अच्छा उदाहरण नहीं है।

# जीएसटी सुधारों पर सीतारमण ने राज्यों का जताया आभार

## विपक्ष पर लगाया देश को 'गुमराह' करने का आरोप

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी सुधार के समर्थन के लिए राज्यों के वित्त मंत्री को पत्र लिखकर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से आम आदमी को राहत देने के लिए सभी राज्य एक साथ आए।

### सर्वसम्मति से 3 सितंबर को लिया गया फैसला

3 सितंबर को जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी सुधार के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति बनी। इस पैनल की अध्यक्षता सीतारमण कर रही हैं और इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल थे। पैनल को केंद्र द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए 3 सितंबर से दो दिनों के लिए बैठक करनी थी, लेकिन एक दिन की मैराथन बैठक के बाद पहले ही दिन इसे मंजूरी दे दी गई।

जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। कई जरूरी वस्तुओं पर टैक्स शून्य करने का निर्णय लिया गया। ये बदलाव 22 सितंबर को नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे।

**भारत के लोगों को मिली राहत :** वित्त मंत्री ने कहा कि कल मैंने प्रत्येक वित्त मंत्री को पत्र लिखकर उन्हें धन्यवाद दिया। मैंने कहा कि आप कितनी भी गहन चर्चा और तर्क कर सकते हैं, लेकिन अंततः परिषद ने इस अवसर पर कदम उठाया और भारत



के सभी लोगों को राहत प्रदान की। और मैं इस सद्भावना के लिए आभारी हूं। इसलिए मैंने यह पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि परिषद का कार्य वास्तव में उल्लेखनीय है।

सीतारमण ने कहा कि इसलिए सदन की भावना यह थी कि यह एक ऐसा प्रस्ताव है जिससे निस्संदेह आम आदमी को लाभ होगा। इसके खिलाफ खड़े होने का कोई मतलब नहीं है, आखिरकार सभी लोग एक अच्छे उद्देश्य के लिए एक साथ आए और मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि परिषद ने अपने सदस्यों द्वारा दी गई प्रत्येक टिप्पणी और सुझाव को धैर्यपूर्वक सुना है। आम सहमति पर पहुंचने से पहले सभी बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

**राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की भरपाई का दिया आश्वासन :** मंत्री ने कहा कि राज्य हमेशा से कर कटौती के पक्ष में रहे हैं और उनकी एकमात्र चिंता कर कटौती के बाद उनके राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे अपील भी की थी कि भारत के लोगों के हित में, कृपया ऐसा करें। यह सिर्फ राज्य नहीं हैं। केंद्र भी इस कटौती से प्रभावित होने वाला है। लेकिन हम इसकी भरपाई कर देंगे, क्योंकि एक बार दरें कम हो जाएंगी, तो लोग खरीदारी के लिए बाहर आएंगे और इससे राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की भरपाई हो जाएगी। इस तरह आम सहमति बनी।

**विपक्ष कर रही देश को गुमराह- सीतारमण :** सीतारमण ने आरोप लगाया कि जीएसटी पर विपक्ष देश को गुमराह कर रहा है। चार स्लैब रखना भाजपा का नहीं बल्कि राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति का फैसला था। उन्होंने कहा कि भारत बेहतर विपक्ष का हकदार है, जीएसटी सुधारों पर उनकी आलोचना गलत जानकारी पर आधारित है।

# कोच्चि व्यापारी से 24.76 करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी




### शक के घेरे में साइप्रस से जुड़े कॉल सेंटर

**नई दिल्ली।** कोच्चि में एक व्यापारी के साथ हुई 24.76 करोड़ रुपये की ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में पुलिस को साइप्रस-आधारित कॉल सेंटर की भूमिका पर शक है। पुलिस के अनुसार, मार्च 2023 से व्यापारी के पैसों को जिन बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया था, उनकी जांच जारी है।

**ठगी ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म कैपिटलिक्स से हुई :** इस संबंध में कोच्चि साइबर पुलिस ने 1 सितंबर को मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता व्यापारी की पहचान निमेश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि यह ठगी ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म कैपिटलिक्स के जरिए हुई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कैपिटलिक्स, जो अमेरिका में पंजीकृत है, एक ऑनलाइन स्टॉक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म संचालित करता है।

**कैसे हुई धोखाधड़ी? :** व्यापारी से सबसे पहले एक मलयालम बोलने वाले शख्स ने संपर्क किया, जिसने खुद को डेनियल बताया। बाद में निमेश ने स्टॉक ट्रेडिंग के संबंध में उससे बातचीत की। यह धोखाधड़ी तब सामने आई जब पिछले महीने निमेश ने अपना निवेश और मुनाफा वापस लेने की कोशिश की। मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है।

**पुलिस को साइप्रस स्थित कॉल सेंटर पर शक :** एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि लेनदेन और संचार माध्यमों की जांच के बाद, साइप्रस स्थित एक कॉल सेंटर की संलिप्तता का संदेह है। हम इस कॉल सेंटर के संचालन की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि शिकायतकर्ता से डेनियल नामक एक मलयालम भाषी व्यक्ति ने संपर्क किया था, इसलिए यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कॉल सेंटर ने साइबर धोखाधड़ी के लिए केरलवासियों को काम पर रखा होगा। उन्होंने कहा कि डेनियल नाम फर्जी हो सकता है।

हालांकि, पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि धोखेबाजों ने व्यवसायी को ठगने के लिए कंपनी के नाम का दुरुपयोग किया या फिर कंपनी स्वयं सीधे तौर पर इसमें शामिल थी।

## राशिफल

**मेष:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें।

**वृष:** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें।

**मिथुन:** जीवनसाथी का कार्यों में सहयोग मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। अनुकूल समाचार आएंगे। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे।

**कर्क:** क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें।

**सिंह:** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा।

**कन्या:** मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें।

**तुला:** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें।

**धनु:** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी।

**मकर:** नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा।

**कुंभ:** कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**मीन:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

## चुटकुले

अब वो दिन दूर नहीं जब पति-पत्नी के बीच डिजिटल लड़ाई कुछ इस तरह होगी

बीवी- ना जाने कौन-सी घड़ी में मैंने तुम्हारी फ्रेंड रिक्वेस्ट की थी।

पति- पत्थर पड़ गये थे मेरी अक्ल पे जो तुम्हारी डीपी को नाईस पिक कहा था।

बीवी- मेरी अक्ल पे भी परदा पड़ा था जो तुम्हारी पिक पे हेंडसम लुक का कमेंट किया था।

पति- अच्छा होता तुम्हें उसी वक्त अन्फ्रेंड कर देता...

बीवी- मैंने भी उसी वक्त तुम्हें ब्लॉक किया होता तो आज ये दिन ना देखना पड़ता।

# टैरिफ का असर...कमाई बढ़ने के बाद भी शहरी परिवारों ने टाली खरीदारी

## त्योहारी सीजन में बढ़ने की उम्मीद




**नई दिल्ली।** भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ लगाए जाने के बाद पैदा आर्थिक अनिश्चितता के कारण शहरी उपभोक्ताओं की भावनाओं में अगस्त, 2025 में गिरावट आई है। इसका असर यह हुआ कि कमाई बढ़ने के बाद भी शहरी इलाकों में रहने वाले परिवारों ने पिछले महीने खरीदारी टाल दी।


अब जीएसटी 2.0 के 22 सितंबर, 2025 से लागू होने के बाद दैनिक इस्तेमाल के उत्पादों की कीमतों में कमी आने से त्योहारी सीजन में खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है। इससे सितंबर और उसके बाद के महीनों में शहरी उपभोक्ताओं की भावनाओं में सुधार की उम्मीद है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के मुताबिक, शहरी परिवारों की भावनाएं प्रभावित होने के कारण उपभोक्ता अपेक्षा सूचकांक (आईसीई) अगस्त में 1.8 फीसदी घट गया। इसके साथ ही, पिछले दो महीनों (जून-जुलाई) की बनी बढ़त भी गायब हो गई। जून और जुलाई में उपभोक्ता अपेक्षा सूचकांक 4 फीसदी बढ़ा था।

उपभोक्ता अपेक्षा सूचकांक अगले साल होने वाली कमाई को लेकर परिवारों की अपेक्षाओं को दशार्ता है। यह भी बताता है कि वे अगले साल और आगामी पांच वर्षों में देश की वित्तीय एवं व्यावसायिक स्थितियों के बारे क्या सोचते हैं।

**अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ी चिंता :** रिपोर्ट के मुताबिक, शहरी परिवार अमेरिका के साथ व्यापार जोखिम का अर्थव्यवस्था (वित्तीय एवं व्यावसायिक स्थिति) पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंतित है। इससे निकट और दीर्घकालिक दोनों ही स्थितियों में कारोबार को लेकर परिवारों के आशावाद में अगस्त में 1.5 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि निराशावादियों की संख्या करीब 2 फीसदी बढ़ गई है।

**परिवारों को कमाई बढ़ने की उम्मीद :** देश की व्यावसायिक और आर्थिक स्थितियों को लेकर चिंतित शहरी उपभोक्ताओं को अगले साल अपने परिवार की कमाई बढ़ने की उम्मीद है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- 2002 में एक शेरनी एक हिरन के बच्चे को गोद लेती है और उसे बचाती है! हालांकि, दो हफ्ते बाद, एक नर शेर ने बच्चे को खा डाला, जब शेरनी सोयी हुई थी। आश्चर्य की बात यह है की शेरनी को बहुत ही दु:ख के साथ घूमते देखा गया था और वह क्रोध में दहाड़ते हुए घूमते देखी जा सकती थी।
- बड़े भोजन के बाद, एक नर शेर 24 घंटे तक सो सकते हैं।
- केवल 8 में से 1 पुरुष शेर वयस्कता होने तक जीवित रहते हैं। अधिकांश शेर लगभग 2 वर्ष की आयु के आसपास उनके झुण्ड से बाहर निकाल दिए जाने के तुरंत बाद मर जाते हैं!
- दो आदमखोर 9 फीट लंबे इंसानों का-भोजन करने वाले शेरों ने साल 1898 में केन्या-युगांडा रेलवे में 135 से अधिक श्रमिकों को खाया था।
- क्या आप जानते हैं? जब शेर बाघों से ब्रीड करते हैं, तो उसके परिणामस्वरूप हाइब्रिड को लाइगर और टाइगन कहा जाता है। यहां शेर और तेंदुए के हाइब्रिड भी हैं, जिन्हें लेपन्स के रूप में जाना जाता है और शेर और जगुआर हाइब्रिड, जिन्हें जेगलंस कहा जाता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# लालकुआं चौराहे पर चला पुलिस का एक्शन

## 37 वाहन चालकों के चालान, 226 अतिक्रमणकारियों पर हुई कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त एवं पुलिस उपायुक्त ग्रामीण जोन के निदेर्शानुसार थाना वेव सिटी पुलिस और यातायात पुलिस ने शनिवार को लालकुँआ चौराहे पर विशेष अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने किया।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने चौराहे पर उत्पन्न अत्यधिक जाम की स्थिति को नियंत्रित किया और नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती दिखाई। इस क्रम में एमबी एक्ट के अंतर्गत 37 चालान किए गए। वहीं, सड़क पर ठेला-खोमचा लगाकर तथा दुकानों के सामने बोर्ड-बैनर लगाकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ धारा 152 बीएनएसएस के तहत अब तक कुल 226 चालान किए गए हैं।

एसीपी वेव सिटी ने प्रियाश्री पाल ने बताया कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य न केवल कार्रवाई करना है, बल्कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा -लालकुँआ चौराहे पर लंबे समय से जाम और अतिक्रमण की समस्या बनी हुई थी। पुलिस का प्रयास है कि इस क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कर आमजन को सुगम यातायात उपलब्ध कराया जाए। हमने सड़क पर निशानबंदी कर दी है, ताकि वाहन और ठेले-खोमचे निर्धारित दूरी पर ही खड़े किए जा सकें। आने वाले दिनों में इस तरह की कारवाई लगातार जारी रहेगी।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने वाहन चालकों और दुकानदारों को नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि दोबारा नियमों का उल्लंघन किया गया तो और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान आगामी दिनों में भी नियमित रूप से जारी रहेगा, ताकि लालकुँआ चौराहे को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था सुगम एवं सुरक्षित बनाई जा सके।

# न्याय खंड एक की ग्रीन बेल्ट में खुले शराब के ठेके का विरोध जारी

## महिलाओं ने कहा, जब तक नहीं हटेगा तब तक करेंगे आंदोलन

### भाजपा नेता मीना भंडारी के नेतृत्व में महिलाओं ने अधिकारियों को दिया ज्ञापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम न्याय खंड प्रथम में खुले शराब के ठेके को लेकर महिलाओं का विरोध आठवें दिन भी जारी है। घनी आबादी के बीच शराब का ठेका खुलने के विरोध में महिलाओं ने शनिवार को प्रशासन, पुलिस, नगर निगम और आबकारी विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर अपना विरोध जताया। भाजपा नेता व पूर्व पार्षद मीना भंडारी के नेतृत्व में महिलाओं ने प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी और नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर न्याय खंड एक से शराब का ठेका हटाकर पहले जहां था, वही खोलने की गुजारिश की।

### लोगों ने शराब के ठेके के सामने प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की

न्यायखंड-1 में कुछ दिन पहले नया ठेका खुला है। जिसका विरोध जनता फ्लैट और एचआईजी फ्लैट में रहने वाली महिलाएं लगातार कर रही हैं। इस विरोध में अब महिलाओं के साथ आसपास की सोसाइटी के लोग भी जुड़ गए और सभी ठेके के सामने एकत्र हुए। ठेका बंद करने की मांग को लेकर सभी लोगों ने जोरदार नारेबाजी की।

### ठेका बंद नहीं होने पर महिलाओं ने आंदोलन और चक्का जाम की चेतावनी दी



ठेका बंद नहीं होने पर महिलाओं ने आंदोलन और चक्का जाम की चेतावनी दी। दरअसल मकनपुर में पहले एक शराब का ठेका हुआ करता था। हाल ही में शराब के ठेकों की नीलामी के दौरान मकनपुर का ठेका मध्य प्रदेश के व्यापारी दिलीप जायसवाल की पत्नी कल्पना अग्रवाल के नाम अलॉट हुआ। ठेकेदार ने मकनपुर में ठेका खोलने के बजाय न्याय खंड थर्ड में ठेका खोला था। यहां करीब 3 महीने तक ठेका खुला था, लेकिन विरोध के बाद न्याय खंड 3 का ठेका बंद करना पड़ा और उसकी जगह न्याय खंड एक में ग्रीन बेल्ट पर ठेका खोल दिया। स्थानीय लोग इसी ठेके का विरोध कर रहे हैं। भाजपा नेता मीना भंडारी का कहना है कि ठेका खोलने में सारे मानकों का उल्लंघन किया गया। जहां ठेका खोला गया है उसके बगल में एक स्कूल है उसके पास एक मंदिर भी है। इसके बावजूद शराब का ठेका खोल दिया गया। मीना भंडारी ने कहा कि महिलाओं के इस आंदोलन को पुलिस का समर्थन नहीं मिला है बल्कि पुलिस महिलाओं को कार्रवाई के नाम पर डरा रही है। पिछले दिनों महिलाओं ने ठेके के सामने धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज करने की धमकी दी। जिस कारण महिलाएं डरी हुई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जल्द सांसद अतुल गर्ग से मुलाकात कर लोगों की चिंता से अवगत कराएंगी।

### पुलिस प्रशासन पर महिलाओं ने लगाया आरोप

महिलाओं का आरोप है कि पुलिस प्रशासन उन्हें धरने पर बैठने से रोक रहा है। उन्होंने बताया कि इलाके में पहले से ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा दिन ढलते ही लगने लगता है, जो अब और बढ़ जाएगा। आसपास की कई सोसाइटी के लोगों के साथ मिलकर इस संबंध में बैठक भी की। तय हुआ कि और लोगों को जोड़ा जाएगा। ठेका नहीं हटाया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन और चक्का जाम किया जाएगा।

# जोकोविच का 25वां ग्रैंडस्लैम जीतने का इंतजार फिर बढ़ा, अल्कारेज से हारे; संन्यास पर दिया ये बयान



**सर्बिया।** सर्बिया के नोवाक जोकोविच का रिकॉर्ड 25वां ग्रैंडस्लैम जीतने का इंतजार एक बार फिर बढ़ गया है। जोकोविच को वर्ष के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन के पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में कार्लोस अल्कारेज से हार का सामना करना पड़ा। स्पेन के अल्कारेज ने 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता खिलाड़ी को दो घंटे 23 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 7-6 (4), 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

### अल्कारेज ने शुरूआत से कसा शिकंजा

अल्कारेज इसके साथ ही लगातार आठवें एटीपी टूर के फाइनल में पहुंचे हैं। सिनर का खिताबी मुकाबले में यानिक सिनर से मुकाबला होगा जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल मुकाबले में फेलिक्स अगुर एलियासिमे को हराया। अल्कारेज ने जोकोविच के खिलाफ शुरूआत से ही बढ़त बनाई हुई थी और पहला सेट उन्होंने 48 मिनट में ही अपने नाम कर लिया था। जोकोविच ने दूसरे सेट में वापसी की और 3-0 की बढ़त बनाई, लेकिन अल्कारेज ने जल्द ही स्कोर 3-3 कर दिया। यह सेट टाई ब्रेकर तक खींचा जहां अल्कारेज इसे अपने नाम करने में सफल रहे। तीसरे सेट में स्पेनिश खिलाड़ी ने शुरूआती बढ़त ली और फिर जोकोविच को कोई मौका नहीं दिया।

### संन्यास की खबरों को जोकोविच ने किया खारिज

यूएस ओपन के सेमीफाइनल में सफर समाप्त होने के बाद जोकोविच ने संन्यास की खबरों को खारिज किया है। जोकोविच ने स्पष्ट किया है कि उनकी नजरें 2026 में होने वाले ग्रैंडस्लैम में खेलने पर टिकी हुई हैं। जोकोविच ने कहा, देखेंगे। मुझे अपनी टीम के साथ इस पर बात करनी होगी। इस ग्रैंड स्लैम सीजन के बाद यह भावना जरूर है। मैं अगले साल भी पूरा ग्रैंड स्लैम सीजन खेलना चाहता हूं, लेकिन ऐसा होता है या नहीं यह तो बाद में पता चलेगा। ग्रैंड स्लैम खास होते हैं। ये किसी भी दूसरे टूर्नामेंट से अलग हैं, ये हमारे खेल के आधार स्तंभ और हमारे सबसे महत्वपूर्ण इवेंट हैं।

# सिनर और अल्कारेज फिर होंगे आमने-सामने



**वाशिंगटन।** वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने यूएस ओपन 2025 में मेन्स सिंगल्स स्पर्धा के फाइनल में एंट्री कर ली है। शुक्रवार (5 सितंबर) को न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में जैनिक सिनर ने कनाडा के फेलिस्क ऑगर अलियासिमे को चार सेट तक चले मुकाबले में 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। सिनर ने 25वीं वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला 3 घंटा और 21 मिनट में जीता।

अब इटली के जैनिक सिनर का फाइनल में सामना वर्ल्ड नंबर-2 कार्लोस अल्कारेज से होगा। स्पेनिश स्टार अल्कारेज ने पहले सेमीफाइनल में 7वीं सीड सर्बिया के नोवाक जोकोविच को 6-4, 7-6 (4), 6-2 से हराया। अल्कारेज को ये मुकाबला जीतने में 2 घंटे और 23 मिनट लगे। जोकोविच ने इससे पहले अल्कारेज के खिलाफ 8 में से 5 मुकाबले जीते थे, लेकिन अबकी बार सर्बियाई खिलाड़ी का जादू नहीं चला। देखा जाए तो जैनिक सिनर और कार्लोस अल्कारेज लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में भिड़ेंगे। इतालवी खिलाड़ी ने विम्बलडन 2025 के फाइनल में कार्लोस अल्कारेज को हराया था। उससे पहले कार्लोस अल्कारेज ने फ्रेंच ओपन 2025 के फाइनल में जैनिक सिनर की चुनौती ध्वस्त की थी।

24 साल के जैनिक सिनर ओपन एरा में रॉड लेवर (1969), रोजर फेडरर (2006-07, 2009) और नोवाक जोकोविच (2015, 2021, 2023) के बाद एक सीजन में सभी चार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे पुरुष टेनिस प्लेयर हैं।

# महिला विश्व कप के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा पाकिस्तान, भारत में होना है आयोजन



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान अगले महीने होने वाले महिला विश्व कप के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा। महिला वनडे विश्व कप की शुरूआत 30 सितंबर से होनी है जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका को करनी है। गुवाहाटी में भारत और श्रीलंका के बीच होने वाले महिला विश्व कप के शुरूआती मैच से पहले उद्घाटन समारोह होगा जिसमें बॉलीवुड की मशहूर गायिका श्रेया घोषाल प्रस्तुति देंगी।

उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना या अन्य कोई प्रतिनिधि भारत की यात्रा नहीं करेगा। मालूम हो कि भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह नीति अपनाई गई थी कि दोनों टीमें एक दूसरे के देश में नहीं खेलेंगी। यही कारण है कि महिला विश्व कप का आयोजन भारत और श्रीलंका में हो रहा है। भारतीय पुरुष टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले दुबई में खेले थे, जबकि इसकी मेजबानी पाकिस्तान के पास थी।

### श्रीलंका में अपने मुकाबले खेलेगा पाकिस्तान

भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते अच्छे नहीं होने के कारण दोनों देशों के बीच लंबे समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जाती है। दोनों टीमें बस आईसीसी या बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में ही एक दूसरे के खिलाफ शिरकत करती हैं। महिला विश्व कप में पाकिस्तान की टीम अपने सभी मुकाबले कोलंबो के आर प्रेमादास स्टेडियम में खेलेगी। अगर पाकिस्तान की टीम 29 अक्तूबर को होने वाले सेमीफाइनल और दो नवंबर को होने वाले फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में सफल रही तो कोलंबो ही इन दोनों मुकाबलों की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान इस वैश्विक टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरूआत दो अक्तूबर को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा।

### श्रेया घोषाल देंगी प्रस्तुति

आईसीसी ने हाल ही में उद्घाटन समारोह के बारे में जानकारी देते हुए बताया था कि बॉलीवुड की प्रमुख पार्श्व गायिका श्रेया घोषाल एक लाइव प्रस्तुति देंगी जो वैश्विक मंच पर महिला क्रिकेट की ऊर्जा, उत्साह और एकता का जश्न मनाएगा। श्रेया घोषाल ने टूर्नामेंट का आधिकारिक गान ब्रिंग इट होम भी रिकॉर्ड किया है। दिलचस्प बात यह है कि इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए टिकटें काफी कम रखी गई हैं और फैंस सिर्फ 100 रुपये में मुकाबला देख सकेंगे।

# श्रेयस अय्यर संभालेंगे भारतीय ए टीम की कमान
# ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ सीरीज के लिए टीम घोषित



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को भारतीय ए टीम का एलान कर दिया। इस टीम की कमान स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सौंपी गई है जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को उपकप्तान बनाया गया है। बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारतीय ए टीम दो चार दिवसीय मुकाबले खेलेगी। पहला मैच 16 सितंबर से खेला जाएगा जबकि दूसरा मैच 23 सितंबर से शुरू होगा। दोनों मुकाबले सुबह 9:30 बजे से लखनऊ में खेले जाएंगे।

### केएल राहुल और मोहम्मद सिराज भी जुड़ेंगे

पहला मुकाबला समाप्त होने के बाद दूसरे चार दिवसीय मैच से पहले भारतीय ए स्क्वॉड में केएल राहुल और मोहम्मद भी शामिल होंगे। दोनों पूर्व में चुने गए स्क्वॉड में किन्हीं दो खिलाड़ियों की जगह टीम का हिस्सा बनेंगे। बता दें कि, केएल और सिराज नौ सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप 2025 के लिए चुने गए स्क्वॉड का हिस्सा नहीं हैं।

श्रेयस अय्यर भी एशिया कप टीम का हिस्सा नहीं हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शुरू हो रही दो चार दिवसीय मैचों की सीरीज में भारतीय ए टीम का नेतृत्व करते देखा जाएगा। एशिया कप टीम में श्रेयस की अनदेखी के बाद से सवाल उठ रहे थे। बेहतर फॉर्म के बावजूद वह टीम में जगह नहीं बना पाए। आईपीएल 2025 में अय्यर ने बल्ले से कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 17 पारियों में 604 रन बनाए, उनका औसत 50.33 और स्ट्राइक रेट 175.07 रहा। इस दौरान उनके बल्ले से छह अर्धशतक निकले। पारी को नियंत्रित करने की उनकी क्षमता भी शानदार रही, जिसका अंदाजा 79.1% कंट्रोल रेट से लगाया जा सकता है।

### तीन वनडे मैचों की सीरीज भी खेली जाएगी

दो चार दिवसीय मुकाबलों के बाद भारतीय ए और ऑस्ट्रेलिया ए की टीमों के बीच कानपुर में तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। पहला मुकाबला 30 सितंबर को होगा जबकि दूसरा मैच 3 अक्तूबर को खेला जाएगा। वहीं, पांच अक्तूबर को दोनों टीमें सीरीज के आखिरी मुकाबले के लिए आमने-सामने होंगी। इसके लिए बीसीसीआई अलग टीम घोषित करेगी।

दो चार दिवसीय मैचों के लिए भारतीय ए टीमः श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, एन जगदीसन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान और विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, हर्ष दुबे, आयुष बडोनी, नीतीश कुमार रेड्डी, तनुष कोटियन, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, खलील अहमद, मानव सुथार, यश ठाकुर।

# एमएस धोनी के सपोर्ट में उतरा दिग्गज




**नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का एक पुराना वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उस वीडियो में इरफान पठान महेंद्र सिंह धोनी पर निशाना साधते हुए कह रहे थे कि कुछ खिलाड़ी उनके कमरे में हुक्का भरते थे। अब इस बयान के जवाब में पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने उनके ऊपर पलटवार किया है।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने इरफान पठान के एमएस धोनी पर लगाए गए पक्षपात के आरोपों पर पलटवार किया है। इरफान पठान ने धोनी की कप्तानी में अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। पठान ने एक पुराने इंटरव्यू में कहा था कि 2008 की ऑस्ट्रेलिया सीरीज के दौरान धोनी ने मीडिया में कहा था कि इरफान अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। पठान ने धोनी पर आरोप लगाया था कि जो लोग उनके लिए हुक्का बनाते थे, उन्हें टीम में चुना जाता था।

आकाश चोपड़ा ने इन आरोपों को निराधार बताया है। चोपड़ा ने कहा कि कप्तान हमेशा अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनना चाहता है और दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि कप्तान के कमरे में क्या होता है, इससे कप्तान प्रभावित नहीं होता है। कप्तान को एक ऐसी टीम चुननी होती है जो जीत सके। आकाश चोपड़ा ने इरफान पठान के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ये आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि हर कप्तान अपनी सबसे अच्छी टीम चुनना चाहता है। अगर कप्तान को लगता है कि कोई खिलाड़ी दबाव में अच्छा खेल रहा है तो वो उसे ही चुनेगा। चोपड़ा ने कहा कि ये आम बात है कि कोच या कप्तान के इलाके के खिलाड़ियों को ज्यादा मौके मिलते हैं। इसे पक्षपात नहीं कहा जा सकता। ये सिर्फ इसलिए होता है क्योंकि उन्होंने उनके साथ ज्यादा समय बिताया होता है।

### आकाश चोपड़ा ने किया खारिज

आकाश चोपड़ा ने कहा, 'आप अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनना चाहते हैं। लेकिन अगर आपने किसी को अपने सामने ज्यादा देखा है और दबाव में खेलते हुए देखा है तो आप उसकी ओर बढ़ते हैं और यह सामान्य है। आप देखेंगे कि कोच या कप्तान जहां से हैं वहां के खिलाड़ियों को अधिक पसंद किया जाएगा। यह सिर्फ इतना है कि उन्होंने उनके साथ अधिक समय बिताया है।' चोपड़ा ने आगे कहा कि कप्तान के कमरे में क्या होता है इससे कप्तान प्रभावित नहीं होता है। उन्होंने कहा कि एक सफल कप्तान इन सब बातों से ऊपर होता है। उसे सिर्फ एक ऐसी टीम चुननी होती है जो जीत सके। चोपड़ा ने कहा, 'इससे परे एक कमरे में क्या होता है कितने लोग बैठते हैं कितने नहीं बैठते मुझे नहीं लगता कि एक सफल कप्तान इस बात से प्रभावित होगा।'

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए हुआ टीम इंडिया का एलान, श्रेयस अय्यर बने कप्तान



**नई दिल्ली।** अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली सीनियर सेलेक्शन कमेटी ने ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ खेली जाने वाली सीरीज के लिए इंडिया-ए टीम का एलान कर दिया है। कमेटी ने एशिया कप के दौरान नजरअंदाज किए गए श्रेयस अय्यर को टीम की कमान सौंपी है। दोनों टीमों के बीच चार दिवसीय मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

ये दोनों मैच लखनऊ में खेले जाएंगे। पहला मैच 16 सितंबर से 19 सितंबर के बीच खेला जाएगा। वहीं दूसरा मैच 23 सितंबर से 26 सितंबर के बीच खेला जाएगा। इस सीरीज के बाद वनडे मैचों की सीरीज होगी और इसके लिए अभी टीम का एलान नहीं हुआ है। ये तीन मैच 30 सितंबर, तीन अक्टूबर और पांच अक्टूबर को खेले जाएंगे।

### जुरैल बने उप-कप्तान

अय्यर को यूएई में खेले जाने वाले एशिया कप के लिए टीम इंडिया में जगह नहीं मिली थी। इस बात को लेकर सेलेक्शन कमेटी की जमकर आलोचना हुई थी। हालांकि, उसी दौरान कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया था कि बीसीसीआई अय्यर को वनडे टीम के अगले कप्तान के तौर पर देख रही है और उन्हें इसके लिए तैयार करना चाह रही है। संभवतः इंडिया-ए की कप्तानी मिलना इसी क्रम में उठाया गया कदम है।

इस टीम में विकेटकीपर ध्रुव जुरैल को भी जगह मिली है और उन्हें उप-कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दलीप ट्रॉफी में दमदार बल्लेबाजी करने वाले एन जगदीशन को भी टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया का हिस्सा नीतीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा को भी इस टीम में जगह मिली है।

### केएल राहुल- सिराज भी जुड़ेंगे

टीम इंडिया के सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल और इंग्लैंड दौरे पर भारत की जीत के हीरो रहे मोहम्मद सिराज को भी इंडिया-ए के साथ खेलने का मौका मिलेगा। हालांकि, ये दोनों पहले मैच में नहीं खेलेंगे और दूसरे मैच में टीम के साथ जुड़ेंगे।

**ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ सीरीज के लिए इंडिया-ए टीमः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिमन्यू ईश्वरन, एन जगदीशन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरैल (उप-कप्तान और विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, हर्ष दुबे, आयुष बडोनी, नीतीश कुमार रेड्डी, तनुष कोटियान, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, मानव सुथार, यश ठाकुर।

# मुंबई बम धमकी मामले में नोएडा से कथित ज्योतिषी गिरफ्तार

## लश्कर-ए-जिहादी से जुड़ा होने का किया था दावा







**नोएडा करंट क्राइम।** मुंबई में अनंत चतुर्दशी के दिन 400 किलो आरडीएक्स से शहर को उड़ाने की धमकी देने वाले एक शख्स को मुंबई पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार किया है। इसी के साथ 24 घंटे के भीतर ही पूरे मामले का खुलासा हो गया। आरोपी की पहचान अश्विनी कुमार सुप्रा के रूप में हुई है, जो मूलतः बिहार का रहने वाला है। वह पिछले पांच साल से नोएडा में रह रहा था। अश्विनी खुद को ज्योतिषी बताता था।

### कहा था, लगाए हैं 34 गाड़ियों में ह्यूमन बम

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे मुंबई ट्रैफिक पुलिस के आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर पर धमकी भरे संदेश प्राप्त हुए थे। संदेश में दावा किया गया था कि शहर में 34 गाड़ियों में ह्यूमन बम लगाए गए हैं, जिनमें 400 किलो आरडीएक्स का इस्तेमाल किया गया है।

धमकी में कहा गया था कि ये धमाके पूरे मुंबई को हिलाकर रख देंगे और करीब एक करोड़ लोग इसकी चपेट में आएंगे। आरोपी ने खुद को पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-जिहादी' का सदस्य बताते हुए यह भी दावा किया था कि 14 आतंकी मुंबई में घुस चुके हैं। संदेश में मुंबई पुलिस के खिलाफ अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया गया था।

पूछताछ के आधार पर पुलिस ने बताया कि अश्विन ने फिरोज बनकर मुंबई पुलिस को थ्रेट मैसेज भेजा था। वो चाहता था कि दोस्त फिरोज जेल चला जाए। दरअसल, फिरोज ने फुलवारी शरीफ थाने में दर्ज मामला दर्ज कराया था। फिरोज की शिकायत पर ही बिहार पुलिस ने साल 2023 में अश्विन को एक फ्रॉड केस में जेल भेजा था। अब अश्विन उसका बदला लेना चाहता था।

### नोएडा में छापेमारी, आरोपी गिरफ्तार

इसके बाद मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने धमकी के स्रोत का पता लगाया और नोएडा में छापेमारी कर अश्विनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपित सेक्टर 79 सिविटेक स्टेडिया सोसायटी में रहता था। अब अश्विनी को नोएडा से मुंबई लाया जा रहा है, जहां उससे गहन पूछताछ की जाएगी ताकि धमकी के पीछे का असली मकसद सामने आ सके।

### सात मोबाइल बरामद

पुलिस ने उसके कब्जे से सात मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड, छह मेमोरी कार्ड होल्डर, दो डिजिटल कार्ड, चार सिम कार्ड होल्डर और एक मेमोरी कार्ड होल्डर बरामद किया है।

### आरोपित के पिता हैं शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त

आरोपित स्नातकोत्तर की पढ़ाई किये हुए है। वह शादीशुदा है, लेकिन घरेलू विवाद के चलते उसकी पत्नी उससे अलग हो गई है। तीन में से दो बच्चे पत्नी के साथ और एक बेटी आरोपित के साथ रहती है। आरोपित के पिता सुरेश कुमार शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हैं।

# तुलसी निकेतन कॉलोनी में दूषित पानी की समस्या से लोग परेशान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** तुलसी निकेतन कॉलोनी में रहने वाले लोगों को दूषित पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि पीने का पानी दूषित आ रहा है, जिससे उनकी सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। कॉलोनी के फातिमा का कहना है कि दूषित पानी की समस्या के कारण वे परेशान हैं और उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। लोगों ने जल निगम और स्थानीय प्रशासन से इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

अधिकारियों का कहना है कि वे इस समस्या का समाधान करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूषित पानी की समस्या का कारण पता लगाया जा रहा है और जल्द ही इसका समाधान किया जाएगा।

लोगों ने मांग की है कि जल निगम और स्थानीय प्रशासन इस समस्या का समाधान करने के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई करें। लोगों का कहना है कि दूषित पानी की समस्या के कारण वे परेशान हैं और उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

# 10 सितम्बर को थाना कविनगर में होगी 30 लावारिस वाहनों की नीलामी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना कविनगर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आगामी 10 सितम्बर को लावारिस वाहनों की नीलामी आयोजित की जाएगी। इस नीलामी में कुल 30 वाहन शामिल किए गए हैं। जिनमें एक कार (इंडिगो), एक ऑटो और 28 दोपहिया वाहन सम्मिलित हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक कविनगर अनुराग शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ये सभी वाहन लंबे समय से थाने में खड़े थे और मालिकों के अभाव में इन्हें नीलामी प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। नीलामी का उद्देश्य थाने में पड़े लावारिस वाहनों का उचित निस्तारण करना है। उन्होंने बताया कि नीलामी पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया के तहत होगी। इच्छुक लोग नीलामी में भाग लेने के लिए समय से पहले थाने पर पहुँच सकते हैं।

प्रतिभागियों को अपने साथ मान्य पहचान पत्र और आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा। नीलामी में शामिल व्यक्ति वाहन को मौके पर देखकर ही बोली लगा सकेंगे। थाना प्रभारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में नीलामी में भाग लेकर इसका लाभ उठाएँ।

# वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, दिल्ली से चुराई बाइक बरामद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना भोजपुर पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस टीम शनिवार को संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर दोनों को पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार युवकों की पहचान रजविन्द्र सैनी निवासी ग्राम नसीरपुर, थाना छिजारसी, जनपद अमरोहा (उम्र 19 वर्ष) और आरिफ उर्फ नन्ने निवासी ग्राम व थाना डमज, जनपद शाहजहांपुर (उम्र 19 वर्ष) के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने कबूला कि करीब एक माह पहले उन्होंने थाना नांगलोई, दिल्ली क्षेत्र से यह मोटरसाइकिल चोरी की थी। चोरी के बाद नंबर प्लेट हटाकर वे इसे फिर किसी वारदात में इस्तेमाल करने की फिराक में थे।

पुलिस ने इनके खिलाफ थाना भोजपुर पर धारा 317/317(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही दिल्ली में भी इनके खिलाफ वाहन चोरी का मामला दर्ज है। पुलिस अब दोनों के आपराधिक इतिहास की जानकारी खंगाल रही है।

# रेड क्रॉस गाजियाबाद का तीन सदस्यीय दल ने आपदाग्रस्त जनों को बांटी खाद्य सामग्री





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को रेड क्रॉस गाजियाबाद का तीन सदस्यों का एक दल लोनी तहसील के गांव बदरपुर में पहुंचा। जहां बाढ़ आपदाग्रस्त जनों का कुशलक्षेम जाना जहां बहुत घनी मात्रा में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए अस्थाई आश्रय प्रशासन द्वारा बनाए गए थे।

बाढ़ आपदा की वेदना को समझते हुए गाजियाबाद से दूर लोनी के ग्रामीण व निम्न स्तर के लाभार्थियों को प्रचुर मात्रा में बिस्कुट, केला, दूध व बोतल बंद पानी बांटने में सुभाष गुप्ता, एम. सी. गौड़, राकेश गुप्ता व चैतन्य के अतिरिक्त वहां उपस्थित पुलिस टीम का भी सहयोग मिला।

रेड क्रॉस गाजियाबाद के आजीवन सदस्य एम. सी. गौड़ ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में रेड क्रॉस सेवा और प्रेम का पर्यायवाची बन चुका है। गाजियाबाद का जनमानस रेड क्रॉस के नाम को जानने और पहचानने लगा है जिसका श्रेय हमारे प्रेरक सुभाष गुप्ता को जाता है जिन्होंने दिन-रात मेहनत करके गाजियाबाद में रेड क्रॉस को पहचान दिलाई।

# कौशांबी में अनंत चौदस पर भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी में भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन अनंत चौदस के दिन पंडित राजेंद्र पांडे ज द्वारा वैदिक रीति से मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और गणेश जी की पूजा-अर्चना की।

विसर्जन कार्यक्रम में पार्षद कुसुम गोयल, पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल, समाजसेवी सुनील गांधी, देवेंद्र भार्गव, आरती गांधी, सौरभ गांधी, प्रियंका गांधी, यश गांधी, नरेश मिगलानी, रीना मिगलानी, विभा गुप्ता, उर्मिला अरोड़ा, राजीव आनंद आदि लोग उपस्थित रहे। पंडित राजेंद्र पांडे ने वैदिक रीति से मंत्रोच्चारण के साथ गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन किया। इस अवसर पर भक्तों ने गणेश जी की पूजा-अर्चना की और उनकी कृपा की कामना की।

# जे.एम.एस.आई.टी. गाज़ियाबाद में भक्तिभाव एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ गणेश विसर्जन





**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** जे.एम.एस.आई.टी., गाज़ियाबाद में शनिवार को भगवान गणेशजी की प्रतिमा का विसर्जन भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। बीते 11 दिनों से कॉलेज परिसर में स्थापित गणेश प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के उपरांत आज विसर्जन यात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राकेश सिंहल ने कहा गणपति बप्पा का आशीर्वाद सदैव हमारे विद्यार्थियों पर बना रहे। यह उत्सव हमें एकता, अनुशासन और हमारी सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश देता है।

# गढ़मुक्तेश्वर में 15 फीट लंबा घड़ियाल दिखा: लोगों से पास ने जाने की अपील, वन विभाग बोला-जांच कर रहे



**हापुड़ करंट क्राइम।** गढ़मुक्तेश्वर में स्वर्गद्वारी पुष्पावती पूठ धाम में एक दुर्लभ नर घड़ियाल दिखाई दिया है। डॉल्फिन गार्जियन भारत भूषण गर्ग ने लगभग 15 फीट लंबे नर घड़ियाल को देखा और कहा कि उन्होंने इतना बड़ा घड़ियाल जीवन में पहली बार देखा है। उनका कहना है कि यह एक दुर्लभ प्रजाति का घड़ियाल है, जो लगभग 1000 मादा घडियालों पर एक नर घड़ियाल पाया जाता है। जिसकी वीडियो भी सामने आई है।

भारत भूषण गर्ग ने बताते हुए कहा कि घड़ियाल मानव को नहीं छेड़ता है, वरन यह मृत जानवरों और छोटी मछलियों का ही शिकार करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे घड़ियाल के अधिक निकट न जाएं, क्योंकि इससे इसके हिंसक होने की संभावनाएं बन सकती हैं।

### प्रशासन से मांग

भारत भूषण गर्ग ने प्रशासन से मांग की कि यहां एक जलचर चौकी की स्थापना की जाए, जिससे यहां अन्य जलचर भी निर्भीक होकर गंगा में विचरण कर सकें। उन्होंने कहा कि घड़ियाल और अन्य जलचरों का इस क्षेत्र में दिखाई देना यहां के लिए बहुत ही सुखद वातावरण का एहसास कराती है।

भारत भूषण गर्ग ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से स्वामी विवेकानंद विचार मंच और लोक भारती के तत्वाधान में जलचर, वन्यजीवों और प्रकृति को बचाने की मुहिम चलाई जा रही है, जिसके सुखद परिणाम आज दिखाई दे रहे हैं। इस क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में जलीय जीवों का आगमन और विचरण हो रहा है, जो इस मुहिम की सफलता का प्रतीक है।

गढ़मुक्तेश्वर वन क्षेत्राधिकारी करण सिंह में जानकारी देते हुए बताया कि घड़ियाल दिखने की उन्हें कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है और ना ही किसी के द्वारा कोई जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी कराई जा रही है।

# 45 मीटर चौड़ी सिकरोड़ की अवशेष भूमि का अधिग्रहण प्राथमिकता से पूरा हो : अतुल वत्स



## रोड के बन जाने से बंधा रोड पर ट्रैफिक का दबाब होगा कम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने अभियन्त्रण अनुभाग और भू-अर्जन अनुभाग के अधिकारियों के साथ आज दिनांक 06.09.2025 को बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि रोड़ नं0-ए0-06 राजनगर एक्सटेंशन से सिकरोड़ तक लम्बाई 4380 मी0 है, जिसमें से 1800 मी0 का निर्माण हो चुका है शेष 2580 मी0 में से 900 मी0 के निर्माण हेतु बॉन्ड तैयार है। इसके अतिरिक्त रोड़ नं0- ए0-07 मेरठ रोड़ से रोड़ नं0-ए0-06 तक कुल लम्बाई 2100 मी0 है, जिसमे से 1500 मी0 निर्मित हो चुकी है, 600 मी0 का अधिग्रहण किया जाना है। इस दौरान भू अर्जन अनुभाग को निर्देशित किया गया कि अवशेष भूमि का अधिग्रहण प्राथमिकता पर किया जाना सुनिश्चित करें। इस सड़क के बन जाने से बंधा रोड पर ट्रैफिक का दबाब काफी कम होगा। इस दौरान अभियन्त्रण अनुभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया कि इस सडक निर्माण के लिए अनुबंध की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है।

# यदि गृहकर वृद्धि वापस नहीं हुई तो आज के जनप्रतिनिधियों का यह अंतिम कार्यकाल हो सकता है : कोरवा-यूपी



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** गंगा बेंकट हाल, मोहन नगर, गाज़ियाबाद में कोरवा-यूपी (कंज्यूमर रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ यूपी) की प्रशासनिक समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गृहकर वृद्धि के मुद्दे पर गहन चर्चा हुई और इसे वापस लेने की जोरदार मांग की गई। कोरवा-यूपी के मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने कहा कि आरडब्ल्यूए ही सबसे बड़े वोटर्स हैं। जनप्रतिनिधियों का काम केवल सम्मान लेना नहीं है, बल्कि जनता के हित में काम करना है।

गाजियाबाद को अधिकारियों की गोशाला या प्रयोगशाला नहीं बनने दिया जाएगा। गृहकर वृद्धि किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। कोरवा के अध्यक्ष डॉ. पवन कौशिक ने कहा कि नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार दो साल में गृहकर में केवल 10% वृद्धि की जा सकती है, जबकि वर्तमान में कई गुना वृद्धि कर दी गई है। यह जनता के साथ अन्याय है। कोरवा के महासचिव जय दीक्षित ने कहा कि नगर निगम का मूल कार्य रखरखाव है, विकास करना नहीं। निगम विकास के नाम पर अनुचित कर वृद्धि कर रहा है। वहीं, मुख्य सलाहकार डॉ. आर.के. आर्य ने कहा कि ताबड़तोड़ विकास से केवल प्रदूषण और जलभराव जैसी समस्याएँ बढ़ी हैं, अब इसकी रफ्तार पर लगाम लगनी चाहिए। कोरवा के संपर्क सचिव नेमपाल चौधरी और वित्त सचिव मुलेंद्र कुमार ने कहा कि संगठन शालीनता का पक्षधर है, लेकिन यदि गृहकर वृद्धि वापस नहीं ली गई तो वे कड़े कदम उठाने को मजबूर होंगे। गौरव सेनानी ज्ञान सिंह, डॉ. मधु सिंह और एडवोकेट अंशु त्यागी ने कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी वेतनभोगी हैं, जबकि आरडब्ल्यूए पदाधिकारी वरिष्ठ, अनुभवी और बिना वेतन के काम करते हैं। ऐसे में गृहकर वृद्धि का विरोध पूरी तरह जायज है। यदि यह वृद्धि वापस नहीं हुई तो आज के जनप्रतिनिधियों का यह अंतिम कार्यकाल साबित हो सकता है।

बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय कवि डॉ. आर.पी. शर्मा, प्रशासनिक सदस्य संदीप गुप्ता, आजीवन सदस्य डॉ. शिवकुमार और एच.एल. आनंद ने नागरिकों से अपील की कि वे गृहकर जमा करने के लिए 25 सितम्बर 2025 तक प्रतीक्षा करें। साथ ही निर्णय लिया गया कि कोरवा-यूपी की ओर से उच्च न्यायालय इलाहाबाद में गृहकर वसूली पर स्टे की मांग की जाएगी।

# अंसल एक्वापोलिस में वाहन चोरों ने बना रखा था वाहन डंप का अड्डा, दिल्ली के मायापुरी में काटते थे चोरी के वाहन

## क्राइम ब्रांच स्वॉट ने वाहन चोरों के इंटर स्टेट गैंग के पांच शातिर चोर किए गिरफ्तार



### - चोरी की 15 बाइकें और हाई स्पीड वाहन बरामद

### - 45 सेकंड में हाई स्पीड बाइक और बुलेट का लॉक खोल देता है गैंग का सरगना राजन उर्फ रोहन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली-एनसीआर में अबतक 200 से ज्यादा वाहन चोरी करने वाले राजन गैंग के पांच शातिर बदमाशों का क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम गाजियाबाद और थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच मुख्य आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इनके कब्जे से चोरी की 15 अलग-अलग मोटरसाइकिलें, स्कूटी और हाई स्पीड बाइकें बरामद की गई हैं। पुलिस का दावा है कि गिरोह का सरगना राजन उर्फ. रोहन अबतक 200 से ज्यादा वाहन चोरी कर चुका है और यह मात्र 45 सेकंड में हाई स्पीड बाइक और बुलेट का लॉक तोड़ने में माहिर है। खास बात यह है कि यह गैग दिल्ली मायापुरी में चोरी के वाहनों को कटवाता है।

साथ ही मोबाइल और चेन लूटने वाले गैग को भी हाई स्पीड बाइकें ऑन डिमांड सप्लाई किया करता है। एसीपी क्राइम ब्रांच सूर्य बली मोर्य और क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया है कि पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। दिल्ली पुलिस से संपर्क किया जा रहा है, इस वाहन चोरी गिरोह के कई और खुलासे पुलिस जल्द कर सकती है।

### स्कूल टाइम में मर्डर कर चुका है राजन

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच स्वॉट के सूत्रों ने जानकारी दी है की गैंग का मुखिया रोहन चौधरी उर्फ राजन उर्फ.राजेश थाना मुरादनगर गाजियाबाद वर्तमान में रह रहा था। साथ ही दिल्ली मंडावली में भी इसका ठिकाना है। इसकी उम्र 31 वर्ष है। पुलिस ने बताया है जब यह छठी कक्षा में था, इसने अपने साथी के सिर में बेसबॉल से डंडा मार दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी, इसके बाद इसने गुड़गांव में भी एक मर्डर किया हुआ है। इसका मुख्य पेशा वाहन चोरी है, यह कई गिरोह के संपर्क में है। साथ ही मोटरसाइकिल हाई स्पीड पर सवार होकर चेन और पर्स लूटने वाले गिरोह को भी यह ऑन डिमांड वाहन सप्लाई करता है।

### मेरठ का सोतीगंज अब दिल्ली मायापुरी में हो गया है कन्वर्ट

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम से मिली जानकारी के अनुसार मेरठ का सोतीगंज इलाका जो कभी वाहन चोरी और चोरी के वाहनों के काटने का सबसे बड़ा अड्डा था, वह अब दिल्ली का मायापुरी बन गया है। दिल्ली के मायापुरी में गोल्डी उर्फ मनप्रीत सरदार नाम का व्यक्ति इन चोरी के वाहनों को अलग-अलग गैंग से लेकर यहां पहुंचता है और उनको कटवाने का काम करवाता है। इस मामले में गाजियाबाद पुलिस दिल्ली पुलिस से भी संपर्क कर उसपर कार्रवाई का प्लान बना रही है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के मायापुरी में रोजाना बड़ी संख्या में चोरी के वाहन काटे जाते हैं।

### जेल में बना था वाहन चोरों का पूरा गैंग, अंसल में छुपाते थे वाहन

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने वाहन चोरी गिरोह का खुलासा करते हुए जानकारी दी है कि रोहन और उसका पूरा गैंग जेल में बना था। अलग-अलग बदमाश एक ही जेल में बंद थे, जहां इनकी आपस में बातचीत हुई और फिर बाहर निकाल कर एक गैंग के रूप में काम करने लग गया। बताया जा रहा है कि यह गाजियाबाद में क्रॉसिंग पब्लिक क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अंसल एक्वापोलिस में निर्माणाधीन सोसाइटी में चोरी के वाहन छुपा कर रखते थे, फिर इनमें फर्जी नंबर प्लेट और अन्य मॉडिफिकेशन करके उसे दिल्ली के बाजार में बेचा करते थे।

### 45 सेकंड में खोल देता है हाई स्पीड और बुलेट का लॉक

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम के प्रभारी अनिल राजपूत ने जानकारी दी है कि गिरफ्तार किए गए, राजन चौधरी उर्फ राजेश उर्फ राजन के साथ ही इरफान, अश्विनी मिश्रा, मेजर सिंह और अश्वनी शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। यह गैंग दिल्ली-एनसीआर में लंबे समय से वाहन चोरी कर रहा है। इस गैंग का सरगना रोहन चौधरी उर्फ राजेश उर्फ राजन है, जो मात्र 45 सेकंड में हाई स्पीड बाइक और बुलेट का लॉक तोड़ देता है और चोरी के वाहन लेकर फरार हो जाता है।

### गैंग पर दर्ज हैं दर्जनों की संख्या में मुकदमे

करंट क्राइम : इस मामले में एसीपी क्राइम ब्रांच सूर्यबली मौर्य ने जानकारी दी है कि रोहन चौधरी पर दिल्ली, इंदिरापुरम, साहिबाबाद, परतापुर मेरठ और हरियाणा में कुल 20 मुकदमे दर्ज हैं। तो इरफान पर दिल्ली, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में 18 मुकदमे हैं। वाहन चोर अश्वनी शर्मा पर दिल्ली, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद मिलाकर 21 मुकदमे हैं। तो वहीं अश्वनी मिश्रा पर गाजियाबाद दिल्ली और नोएडा को मिलाकर 18 मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही गैंग के अभियुक्त मेजर सिंह पर हापुड़, दिल्ली व गाजियाबाद में 14 मुकदमे दर्ज है।

# मुनीर लोगों पर जुल्म ढा रहे अघोषित मार्शल लॉ लागू
## याह्या खान का जिक्र कर इमरान खान ने बोला हमला



**पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर करारा हमला बोला है। उन्होंने जेल से कहा कि मुनीर लोगों पर जुल्म ढा रहे हैं ताकि अपनी हुकूमत लंबे समय तक चला सकें। इमरान ने यह भी दावा किया कि इस समय देश पर अघोषित मार्शल लॉ थोप दिया गया है**

**इस्लामाबाद ।** क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान इस समय जेल में बंद हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 के चुनावों में धांधली करके शहबाज शरीफ की 'कठपुतली सरकार' बनाई गई। और अब आसिम मुनीर के इशारे पर उनकी पार्टी के कार्यकताओं पर जुल्म ढाए जा रहे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में इमरान खान ने कहा कि आज असीम मुनीर अपने शासन को बढ़ाने के लिए पाकिस्तान के लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं, जिससे देश कमजोर हो रहा है। जिन लोगों (मुनीर एंड कंपनी) ने जनादेश चुराया है, वे डरे हुए हैं। इसी डर के कारण हमारे खिलाफ अत्याचार बढ़ रहा है।

इमरान ने आगे कहा कि मुझे और मेरी बीवी बुशरा को 'एकांत कारावास' में रखकर ये लोग चाहते हैं कि मैं मानसिक रूप से टूट जाऊं। मुझे तोड़ने की इन लोगों की योजना का असली उद्देश्य यह है कि मैं अपनी विचारधारा छोड़ दूं और जनता की आवाज दबा दी जाए।

आगे उन्होंने देश के वर्तमान हालातों की तुलना 1971 में जनरल याह्या खान के कार्यकाल से की। जब गृहयुद्ध के बाद पूर्वी पाकिस्तान अलग होकर बांग्लादेश बना था। इमरान खान ने कहा कि 1971 और आज के बीच एकमात्र अंतर यह है कि अब लोग ज्यादा जागरूक हैं। सोशल मीडिया के जरिए सभी तथ्य और जानकारी जनता के सामने रहती हैं। साथ ही लोगों ने अत्याचार के खिलाफ अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना सीख लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्दी ही यह दमनकारी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी।

साथ ही, इमरान खान ने सरदार अताउल्लाह मेंगल की पुण्यतिथि के अवसर पर बलूचिस्तान में आयोजित एक रैली में हुए बम विस्फोट की भी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान को आतंकवाद और हाइब्रिड सिस्टम से आजादी चाहिए। अफगान शरणार्थियों की जबरन वापसी पर भी इमरान खान ने नाराजगी जताई। खान ने कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि पाकिस्तानी सरकार अफगान शरणार्थियों को देश से निकाल रही है। इस कठिन समय में हम उनके साथ खड़े हैं। खैबर पख्तूनख्वा सरकार को भी हमारे अफगान भाइयों की मदद करनी चाहिए।

# एपस्टीन के खिलाफ एफबीआई के मुखबिर थे ट्रंप
## अमेरिका की प्रतिनिधि सभा के स्पीकर का बड़ा बयान



**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा के स्पीकर माइक जॉनसन ने दावा किया है कि जेफ्री एपस्टीन मामले में राष्ट्रपति ट्रंप एफबीआई के मुखबिर थे। जॉनसन का यह बयान ऐसे समय आया है, जब ट्रंप ने कहा है कि एपस्टीन मामला डेमोक्रेटिक पार्टी का धोखा है। दरअसल अमेरिका में एपस्टीन मामले से जुड़ीं फाइलों को सार्वजनिक करने की मांग लगातार उठ रही है। इसके चलते सरकार पर दबाव बढ़ रहा है।

इस मामले को लेकर जब अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के स्पीकर माइक जॉनसन से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि 'वे (ट्रंप) ये नहीं कह रहे कि एपस्टीन ने छल किया, यह बहुत बड़ा गुनाह है। जब उन्होंने एपस्टीन के खिलाफ अफवाहें सुनीं तो ट्रंप ने अपने मार ए लागो रिजॉर्ट से जेफ्री एपस्टीन को निकाल दिया था। एपस्टीन के खिलाफ ट्रंप एफबीआई के मुखबिर भी रहे। राष्ट्रपति की पीड़ित महिलाओं के प्रति गहरी संवेदना है।'। हालांकि अभी तक व्हाइट हाउस ने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

जेफ्री एपस्टीन के कई हाई प्रोफाइल लोगों से थे संबंध राष्ट्रपति ट्रंप ने एपस्टीन मामले पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'ये पूरा छल डेमोक्रेटिक पार्टी का है क्योंकि वे लोगों का ध्यान हमारी सरकार की सफलता से हटाकर इस अप्रांसगिक मामले को उठा रहे हैं।' जेफ्री एपस्टीन एक बदनाम यौन तस्कर था, जिस पर नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण करने का आरोप है। साल 2019 में एपस्टीन को यौन तस्कर के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और जेल में ही कथित तौर पर उसने आत्महत्या कर ली थी। जेफ्री एपस्टीन के ग्राहकों की लिस्ट में राजनीति, उद्योग और व्यापार जैसे विभिन्न क्षेत्रों के बहुत ताकतवर और संपन्न लोगों के नाम हैं। हालांकि अमेरिकी न्याय विभाग और संघीय जांच ब्यूरो (त्र्इक) ने कहा है कि एपस्टीन के पास कोई ऐसी सूची नहीं थी जिसमें बड़े लोगों के नाम शामिल हों।

# रूस पर नई सख्ती की तैयारी अमेरिका-यूरोप साथ मिलकर बना रहे योजना



**रूस ।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से चल रहा संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह रूप लेता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में अब अमेरिका और यूरोपीय देश इस संघर्ष को खत्म करने की योजना तैयार कर रहे हैं। इसके लिए यूरोपीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अमेरिकी वित्त मंत्रालय से मुलाकात करेगा। मीडिया रिपोर्ट की माने तो इस टीम का नेतृत्व यूरोपीय संघ के प्रतिबंध दूत डेविड ओ सुलिवन कर रहे हैं। बैठक में रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंधों और अन्य दबावों पर चर्चा होनी है।

ट्रंप नाराज, समझिए क्या है कारण इस संघर्ष को जल्द खत्म करने के दावे को लेकर बैठे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस और यूक्रेन युद्ध को 3.5 साल बाद भी खत्म न कर पाने से नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच सीधी बातचीत करवाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इन प्रयासों के तहत पहले तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन से पिछले महीने अलास्का में एक शिखर बैठक की थी, हालांकि इसके बाद भी रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक अमेरिकी फैक्ट्री पर ड्रोन और मिसाइल हमला कर दिया। ऐसे में सोमवार को होने वाली बैठक पर सभी की नजरें हैं।

संघर्ष खत्म करने के लिए अमेरिका और यूरोप की नई रणनीति बता दें कि इस बैठक में व्हाइट हाउस, विदेश विभाग और यूएस ट्रेड प्रतिनिधि के अधिकारी भी शामिल होंगे। यूरोपीय प्रतिनिधि मंडल में ऊर्जा, वित्तीय सेवा, व्यापार और प्रतिबंधों से जुड़े अधिकारी शामिल हैं। ट्रंप ने हाल ही में यूरोपीय देशों से रूसी तेल की खरीद बंद करने को कहा है, जिससे रूस की जंग को फंडिंग मिल रही है। ट्रंप ने कहा कि यूरोप ने एक साल में रूस से 1.1 बिलियन यूरो का तेल खरीदा, जो गलत है। ट्रंप ने यह भी कहा कि चीन पर भी आर्थिक दबाव बनाना जरूरी है, क्योंकि वह परोक्ष रूप से रूस की मदद कर रहा है।

यूरोपीय शांति सेना की तैयारी इस बीच, यूरोपीय देशों ने अलग से बैठक कर यूक्रेन में शांति सेना भेजने पर विचार किया है। लेकिन रूस ने चेतावनी दी है कि अगर विदेशी सैनिक यूक्रेन में तैनात हुए तो उन्हें रूस अपनी तरफ से वैध निशाना मानेगा। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की कोशिशें तेज हो गई हैं।

# पीएम मोदी ने नोबेल पुरस्कार देने का समर्थन
## नहीं किया तो इस बात को ट्रंप दिल पर ले गए



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के एक शीर्ष विद्वान ने भारत और अमेरिका के संबंधों में आई खटास की संभावित वजह का कारण बताते हुए कहा कि ट्रंप खुद को वैश्विक शांतिकार दिखाना चाहते हैं और इसी के चलते उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने की कोशिश की, लेकिन जब पीएम मोदी ने इससे इनकार किया और ट्रंप के नाम का नोबेल शांति पुरस्कार के लिए समर्थन नहीं किया तो ट्रंप इस बात को शायद निजी तौर पर ले गए और बुरा मान गए अमेरिकी शिक्षाविद् ने बताया, ट्रंप ने क्यों लगाया भारत पर टैरिफ न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में अमेरिकी शिक्षाविद् टेरिल जोंस ने कहा कि 'ट्रंप की रणनीति दो पक्षों में बातचीत के लिए पहले बड़ी-बड़ी शर्तें लगाना और फिर उन्हें बातचीत के लिए मजबूर करना है और अभी भी वे यही कर रहे हैं।' जोंस ने कहा कि 'ट्रंप ने उम्मीद की थी कि पीएम मोदी भी उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करेंगे, लेकिन जब पीएम मोदी ने ऐसा नहीं किया तो ट्रंप इस बात को दिल पर ले गए और इसी के चलते ट्रंप ने भारत पर टैरिफ लगाया।'

'वैश्विक नेता बनना चाहते हैं ट्रंप' प्रोफेसर टैरिल जोंस ने कहा कि 'डोनाल्ड ट्रंप वैश्विक नेता बनना चाहते हैं। न सिर्फ राजनीतिक, आर्थिक तौर पर बल्कि भू-राजनीतिक तौर पर भी। इसलिए उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने में बहुत जल्दबाजी की। जबकि प्रधानमंत्री मोदी से इससे इनकार करते रहे और उन्होंने कहा कि हमें पाकिस्तान से बातचीत के लिए अमेरिका या किसी भी अन्य देश की कोई जरूरत नहीं है।

# नई राजनीतिक व्यवस्था बनाने के लिए खालिस्तानी समूहों को कनाडा से मिल रही फंडिंग, रिपोर्ट में अहम दावा



**कनाडा के वित्त विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें खुलासा किया गया है कि खालिस्तानी चरमपंथी समूहों सहित कई आतंकवादी संगठनों को राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा को बढ़ावा देने के लिए देश में वित्तीय मदद मिल रही है**

**टोरंटो ।** कनाडा सरकार की '2025 के धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण जोखिमों के आकलन' रिपोर्ट में बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन सहित कुछ खालिस्तानी समूहों को राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद (पीएमवीई) की श्रेणी में रखा गया है। रिपोर्ट में खालिस्तानी समूहों और अन्य आतंकी संगठनों पर अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए गैर-लाभकारी और धर्मार्थ क्षेत्रों सहित विभिन्न वित्तपोषण नेटवर्क का गलत फायदा उठाने का संदेह जताया गया है। हमास और हिजबुल्ला को भी कनाडा में हो रही फंडिंग रिपोर्ट में 'राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद' को 'नई राजनीतिक व्यवस्था या मौजूदा व्यवस्था के भीतर नए ढांचे और मानदंड स्थापित करने के लिए हिंसा के उपयोग' के रूप में परिभाषित किया गया है। इन चरमपंथी समूहों को कनाडाई कानून के तहत आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है, जिसमें हमास और हिजबुल्ला भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह के उग्रवाद में धार्मिक तत्व शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह मुख्य रूप से राजनीतिक आत्मनिर्णय या प्रतिनिधित्व से जुड़ा मामला है।

'बैंकिंग, क्रिप्टोकरेंसी का गलत फायदा उठाते हैं आतंकी संगठन' रिपोर्ट में कहा गया है, 'खुफिया जांच एजेंसियों को पता चला है कि कनाडा में हमास, हिजबुल्ला और खालिस्तानी हिंसक चरमपंथी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन आदि संगठनों को वित्तीय मिल रही है।' पंजाब में एक स्वतंत्र राज्य स्थापित करने के लिए हिंसक तरीकों की वकालत करने वाले खालिस्तानी चरमपंथी तत्वों द्वारा खास तौर पर इसी तरह के माध्यमों से धन जुटाने का संदेह है।

# ट्रंप के बदले तेवर को विशेषज्ञ ने यू-टर्न बताया
## कुगेलमैन बोले- भारत-चीन पर बयान में दिखी हताशा



**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका ने 'भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है।' ट्रंप की इस टिप्पणी ने बहस छेड़ दी है। एशिया पैसिफिक फाउंडेशन ऑफ कनाडा के वरिष्ठ फेलो माइकल कुगेलमैन ने कहा कि ट्रंप के बयान बेहद अप्रत्याशित होते हैं। आज जो वह कहते हैं, कल उससे बिल्कुल अलग हो सकता है। कुगेलमैन ने कहा, 'यू-टर्न लेना ट्रंप की आदत है। वे साफ तौर पर चीन की नीतियों से नाराज हैं।' कुगेलमैन ने यह भी कहा कि ट्रंप की यह टिप्पणी भारत द्वारा व्यापार वार्ता में सभी रियायतें देने से इनकार करने और भारत-पाकिस्तान युद्धविराम का श्रेय ट्रंप को न लेने देने से उनकी हताशा को दर्शाती है।

अमेरिका-चीन संबंधों पर पूछे गए सवाल पर कुगेलमैन ने कहा, 'राष्ट्रपति और उनके प्रशासन ने चीन को लेकर कोई साफ नीति पेश नहीं की है। आम धारणा तो यह थी कि मौजूदा ट्रंप प्रशासन, पिछले प्रशासन की नीति को आगे बढ़ाएगा और चीन को एक रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी, चुनौती या खतरे के रूप में देखेगा।' उन्होंने आगे कहा कि ऐसा लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप चीन से प्रतिस्पर्धा जारी रखना चाहते हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने कई बार यह भी संकेत दिया है कि वे चीन के साथ किसी न किसी तरह का समझौता करना भी चाहते हैं।

ट्रंप आज जो कहते हैं, कल बिलकुल अलग हो सकता है कुगेलमैन ने दोहराया कि ट्रंप के बयान अक्सर बदलते रहते हैं। उन्होंने कहा, 'आज वह कुछ कहते हैं, तो कल बिलकुल अलग कह सकते हैं। यही कारण है कि अभी तक भारत और चीन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।'

नेपाल में सोशल मीडिया बैन पर सियासी तूफान, नेताओं ने देश की सरकार को घेरा भारत जैसे अहम साझेदार को खोने का बयान चीन के लिए सकारात्मक संभावित चीनी प्रतिक्रिया पर कुगेलमैन का मानना है कि बीजिंग को ट्रंप की इस तरह की अनिश्चित टिप्पणियों से फायदा हो सकता है। उन्होंने कहा, 'यह सब बीजिंग के ही हित में जाता है। चीन तो वैसे भी एक नए तरह की विश्व व्यवस्था की शुरूआत करना चाहता है, जिसमें अमेरिका को चुनौती दी जा सके।

# इमरान खान से मिलने अदियाला जेल
## पहुंचीं बहन अलीमा पर फेंके अंडे



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान की सियासत में एक बार फिर गर्माहट का माहौल है। कारण है कि शुक्रवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान पर अंडा फेंकने की घटना सामने आई। ये घटना तब हुई जब अलीमा रावलपिंडी की अदियाला जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। अडियाल जेल में पिछले दो साल से इमरान खान कैद हैं।

अलीमा पर अंडे फेंकने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि अलीमा को अंडा मारा गया। इसके बाद इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रहा है। फलस्वरूप पीटीआई के कार्यकताओं ने अंडा फेंकने के आरोप में दो महिलाओं को पकड़ लिया और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया।

वहीं इस पूरे घटनाक्रम पर पुलिस की प्रतिक्रिया की बात करें तो रावलपिंडी पुलिस के बयान के अनुसार, गिरफ्तार की गई दोनों महिलाएं भी पीटीआई समर्थक हैं। वे ऑल-गवर्नमेंट एम्प्लॉइज ग्रैंड एलायंस के अन्य सदस्यों के साथ अपने मांगों को लेकर प्रदर्शन करने आई थीं। पुलिस का कहना है कि अलीमा से पूछे गए सवालों का जवाब न मिलने पर उन्होंने अंडा फेंका। दूसरी ओर पीटीआई ने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए आरोप लगाया कि यह एक राजनीतिक साजिश थी। पार्टी का दावा है कि इन महिलाओं को जानबूझकर वहां भेजा गया और पुलिस ने उन्हें बच निकलने में मदद की। इस घटनाक्रम से राजनीति में बयानबाजी तेज इस घटना के बाद पाकिस्तान भर में चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। ऐसे में बीएनपी मेंगल प्रमुख अख्तर मेंगल ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

# नेपाल में सोशल मीडिया बैन पर सियासी तूफान



## नेताओं ने देश की सरकार को घेरा

**नेपाल सरकार द्वारा फेसबुक समेत 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बंद किए जाने के फैसले पर देश भर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विपक्षी दलों से लेकर सत्ताधारी नेताओं तक ने इस कदम को संविधान विरोधी और जनविरोधी बताते हुए विरोध जताया है**

**काठमांडू ।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री एवं माओवादी अध्यक्ष पुष्पकमल दहल ने सरकार पर आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से हो रही आलोचना को दबाने के लिए सरकार ने सोशल मीडिया बंद करने का निर्णय लिया है। उन्होंने सरकार के इस कदम की आलोचना करते हुए कहा, 'यह कदम केवल संविधान विरोधी, अलोकतांत्रिक और जनविरोधी ही नहीं है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोशल मीडिया पर प्रकाशन और प्रसारण सम्बन्धी दिए गए आदेश की गलत व्याख्या भी है।' हालाँकि, दाहाल स्वयं जब प्रधानमंत्री थे, तब उनकी सरकार ने सामाजिक सद्भाव बिगड़ने का हवाला देते हुए टिकटॉक बंद करने का निर्णय लिया था। इसी तरह राष्ट्रिय स्वतंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष और सांसद स्वर्णिम वाग्ले ने कहा कि सोशल मीडिया बंद करना अधिनायकवाद का संकेत है। रामेछाप जिला के मन्थली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 'आज के डिजिटल युग में सूचना प्रवाह रोकने की कोशिश सूर्य को हथेली से ढकने जैसी है।' उनका कहना था कि जनता के दबाव और विरोध के कारण सरकार इस निर्णय को लागू नहीं कर पाएगी।

पूर्व प्रधानमंत्री तथा नेपाल समाजवादी पार्टी (नया शक्ति) के अध्यक्ष बाबुराम भट्टराई ने कहा कि कर के दायरे में आ चुके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सूचीबद्ध न होने के आधार पर बंद करना गलत है। उनके अनुसार, राज्य आवश्यकतानुसार नियमन कर सकता है, लेकिन इंटरनेट और एआई ने सीमाएं पार कर ली हैं, ऐसे में पुरानी शैली से रोकना उचित नहीं है।

पूर्व प्रधानमंत्री भट्टराई ने आगे कहा कहा, 'अगर सोशल मीडिया कंपनियां कर अदा कर रही हैं तो केवल अभिव्यक्ति को नियंत्रित करने के लिए उन्हें पुनः पंजीकरण कराना तर्क संगत नहीं है। यह फैसला अनावश्यक है, इससे जनता की असंतुष्टि बढ़ेगी और सूचना के अधिकार पर खतरा आएगा।'

सत्ताधारी नेपाली कांग्रेस पार्टी के नेता शेखर कोइराला ने भी इस निर्णय का विरोध किया है। कोइराला ने कहा, 'जनता की अपेक्षाओं और अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा न कर पाने की वजह से आलोचना झेल रही सरकार अब सोशल मीडिया बंद करने जा रही है। क्या सरकार ने सोचा है कि इस निर्णय से कितने नेपाली अपनी रोजी-रोटी से वंचित होंगे? मैं आग्रह करता हूं कि इस कदम को तुरन्त वापस लिया जाए और सोशल मीडिया को मर्यादित करने के लिए कानूनी प्रावधान बनाया जाए।' इसी तरह, सत्ताधारी नेपाली कांग्रेस के महामन्त्री गगन थापा ने भी कहा कि सरकार ने सोशल मीडिया बंद करके गलत रास्ता अपनाया है। उन्होंने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की माँग की। थापा के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने केवल सोशल मीडिया पर होने वाले अनचाहे सामग्री के मूल्यांकन, निगरानी और दुरुपयोग रोकने के लिए कानूनी व्यवस्था बनाने को कहा था, बंद करने को नहीं। इसी बीच, नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण के निर्देशन के बाद गुरुवार रात से ही फेसबुक के वेब पते (युआरएल) ब्लॉक कर दिए गए हैं।

# नेक्सजेन हैकथॉन 2025 कार्यक्रम का सफल समापन

# टीमवर्क से समस्या समाधान और नवाचार की नई सीख मिलती है : जिलाधिकारी





## छात्रों का सक्रिय भाग लेना हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण: जिलाधिकारी




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरकेजीआईटी), गाज़ियाबाद में आयोजित राष्ट्रीय स्तर का 36 घंटे का 'नेक्सजेन हैकथॉन 2025' 6 सितम्बर 2025 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह हैकथॉन 4 से 6 सितम्बर तक चला, जिसमें देशभर की 30 चयनित टीमों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी गाज़ियाबाद रविन्द्र कुमार रहे। वहीं गेस्ट ऑफ ऑनर मनु जैन, सीईओ एवं को-फाउंडर, स्केलअपअले रहे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि राजित सिक्का, हैड अकेडमिक रिलेशन्स (उत्तर भारत), टीसीएस रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अक्षत गोयल, उपाध्यक्ष, आरकेजीआईटी ने की।

### विजेता टीमें

प्रथम पुरस्कार (रू 50,000): टीम 227
द्वितीय पुरस्कार (रू 30,000): टीम फुलस्टैक रोस्टर्स
तृतीय पुरस्कार (रू 20,000): टीम फुलस्टैक रोस्टर्स
सांत्वना पुरस्कार (रू 10,000): टीम पायथनियर्स

इस अवसर पर संस्थान के सलाहकार डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी.के. चौहान, डायरेक्टर डॉ. बी.सी. शर्मा तथा डीन (एक्रेडिटेशन) रामेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आरकेजीआईटी को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और कहा छात्रों का ऐसे आयोजनों में सक्रिय भाग लेना हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे उन्हें टीमवर्क से समस्या के समाधान और नवाचार की नई सीख मिलती है। समापन अवसर पर डॉ. विनिश शर्मा, डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ. ऋतु अग्रवाल एवं डॉ. सचिन गोयल सहित संस्थान के अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

नेक्सजेन हैकथॉन 2025 ने युवा प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच प्रदान किया, जहाँ उन्होंने अपने विचारों को वास्तविक समाधान के रूप में प्रस्तुत किया। यह आयोजन नवाचार, सहयोग और तकनीकी उत्कृष्टता का अद्वितीय उदाहरण बनकर सामने आया।

# योगेश भाटी ने किया कार्यकर्ताओं ने खोड़ा नगर पालिका का किया घेराव




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** खोड़ा नगर पालिका परिषद में शनिवार को सैकड़ों की तादात में भाजपा कार्यकर्त्ताओ ने खोड़ा नगरपालिका का घेराव कर पूर्व विधायक और खोड़ा चेयरमैन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओ के नगरपालिका पहुंचने की सूचना पाकर मौके पर एसडीएम सदर अरुण दीक्षित पहुचे। भाजपा महानगर के पूर्व मंत्री योगेश भाटी ने एसडीएम को ज्ञापन देकर तत्काल एफआईआर दर्ज करवाने की मांग की। एसडीएम सदर ने मौके पर ही खोड़ा नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी अभिषेक चौधरी को सात दिनों के अंदर जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया। एसडीएम सदर के आश्वासन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओ ने घेराव खत्म किया। शनिवार तकरीबन 10 बजे भारी तादात में भाजपा कार्यकर्ता भाजपा नेता योगेश भाटी के आवास पर एकत्र हुए और वहा से नारेबाजी करते हुए खोड़ा नगरपालिका पहुचे।

घेराव का नेतृत्व कर रहे भाजपा महानगर के पूर्व महामंत्री योगेश भाटी ने बताया कि चार दिन पहले जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा और खोड़ा अध्यक्ष मोहिनी शर्मा के खिलाफ एफआईआर करने की मांग की गई थी और इसी मांग को लेकर खोड़ा नगरपालिका का घेराव किया गया। एसडीएम सदर ने लिखित में सात दिनों के अंदर जाँच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। योगेश भाटी ने कहा की अगर 7 दिनों के अंदर संतोष जनक कार्रवाई नहीं की जाती है तो वह दोबारा से सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर पालिका का दोबारा से घेराव कर धरना देंगे। इस बारे में खोड़ा नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी अभिषेक चौधरी ने बताया कि वह 7 दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट एसडीएम सदर को सौंप देंगे। एसडीएम सदर अरुण दीक्षित ने बताया की अधिशासी अधिकारी अभिषेक चौधरी को सात दिनों के अंदर आरोपों की जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया गया है। रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्वदेशी जनजागरण अभियान




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ महानगर गाजियाबाद द्वारा चौपला मंदिर चौराहे पर स्वदेशी जनजागरण अभियान चलाया गया। इस अभियान में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक अनुज मित्तल, महानगर सहसंयोजक अनिल सावरिया तथा मंडल संयोजक प्रवीण शर्मा और बाजार संयोजक कुंज बिहारी गोस्वामी ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। लोगों को स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## जीएसटी में बदलाव सराहनीय : कुलदीप त्यागी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम पार्षद भाजपा कुलदीप त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री सीतारमण ने जीएसटी में अभूतपूर्व बदलाव की घोषणा की है। जीएसटी में यह बदलाव सराहनीय है। इससे देश की इकोनॉमी बढ़ेगी उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मध्यम वर्ग को इसका सबसे ज्यादा लाभ पहुंचेगा। देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी खाने-पीने की वस्तुओं और रोजमर्रा की वस्तुओं पर जीरो से 5 परसेंट का टैक्स किया गया है जिससे की आम नागरिक को इससे राहत पहुंचेगी। शिक्षण वस्तुओं पर भी जीएसटी हटाई गई है जो कि यह एक अनोखा फैसला लिया गया है देश की जनता जीएसटी में हुए बदलाव के लिए बहुत खुश दिख रही है।

## जीएसटी बदलाव से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी: अनिल गर्ग

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** व्यापारी नेता व समाजसेवी अनिल गर्ग ने कहा कि सरकार का यह फैसला सराहनीय है। इस फैसले से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। दीपावली से पहले ही केंद्र सरकार द्वारा देशवासियों को बड़ा उपहार दिया गया है। इस बदलाव से घरेलू वस्तुएं सस्ती हो जाएगी। मक्खन घी जैसे पदार्थ पर टैक्स पूरी तरह खत्म कर दिया गया है जिससे आम नागरिक को जीवन यापन करने में आसानी होगी। जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को भी टैक्स फ्री कर दिया गया है इससे आम जनता को जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा करने में आसानी होगी। उद्योगों को भी इसे विशेष लाभ होगा छोटे व्यापारियों को मजबूती मिलेगी और देश का सर्वांगीण विकास होगा।

## श्राद्ध कर्म का हिंदू धर्म में है विशेष महत्व: आचार्य मनीष पंडित



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रबंधक हिंडन मोक्ष धाम एवं अध्यक्ष श्रीधार्मिक रामचंद्र सीता देवी हरनंदी सेवा संस्थान आचार्य मनीष पंडित ने बताया कि श्राद्ध कर्म का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है क्योंकि यह हिंदू धर्म में पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व कर्तव्यता व्यक्त करने का एक तरीका है जिसको दिवंगत आत्माओं को शांति और तृप्ति मिलती है। इसके माध्यम से परिवार में सुख समृद्धि और खुशहाली आती है। श्राद्ध करने से पितृदोष से मुक्ति मिलती है और परिवार के सदस्यों को अच्छे स्वास्थ्य तन और सफलता का आशीर्वाद मिलता है। श्राद्ध से दिवंगत पूर्वजों की आत्माएं तृप्त होती हैं और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्राद्ध क्रिया अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान और उनकी आत्माओं को भोजन जल और अन्य वस्तुएं अर्पित करके कृतज्ञता प्रकट करने का माध्यम है। श्राद्ध करने से परिवार में सुख शांति और समृद्धि बनी रहती है। जो लोग श्राद्ध नहीं करते उन्हें पितृ दोष का सामना करना पड़ता है। श्राद्ध करने से दोषों से मुक्ति मिलती है। श्राद्धकर्ता को आयु धन ज्ञान और उत्तम लोक की प्राप्ति होती है। पितरों के आशीर्वाद से परिवार की वंश वृद्धि होती है और वंश में कोई क्लेश नहीं रहता। हिंदू धर्म के अनुसार श्राद्ध के दिनों में पितर धरती पर आते हैं और उन्हें सम्मान देना हमारा कर्तव्य है। वेदों पुराणों और धर्म ग्रंथो में श्राद्ध की महत्ता का उल्लेख किया गया है। यह पितरों के ऋण से मुक्ति दिलाता है और जीवन में संतोष प्रदान करता है।

## जीएसटी दरों में सुधार से देश की तरक्की में लगेंगे पंख:सुधीर त्यागी



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने कहा है, कि जीएसटी की दरों में कमी से देश की तरक्की में तेजी आएगी और विकास कार्यों में गति मिलेगी। उनका मानना है कि जीएसटी की दरों में कमी से आम जनता को राहत मिलेगी और इससे देश की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।जीएसटी की दरों में कमी से आम जनता को राहत मिलेगी और उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी की दरों में कमी से विकास कार्यों में गति मिलेगी और देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। वही देश की तरक्की में तेजी आएगी और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

# उपायुक्त नगर धवल जायसवाल ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनकर समाधान के निर्देश दिए




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देश पर डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने शनिवार को अपने कार्यालय में जनता दर्शन आयोजित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

उपायुक्त ने प्रत्येक शिकायतकर्ता से अलग-अलग वार्ता कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। अधिकतर शिकायतें स्थानीय स्तर पर उत्पन्न विवाद, पुलिस कार्यवाही में देरी तथा पड़ोसी विवाद से जुड़ी रहीं।

उन्होंने मौके पर ही संबंधित थाना प्रभारियों एवं विभागीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। साथ ही यह भी हिदायत दी कि किसी भी फरियादी को थानों के चक्कर न काटने पड़ें।

डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। जनता की शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी तरीके से किया जाएगा, लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगी।

## देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर नागरिक को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना होगा : विभू बंसल



**पिलखुवा, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा पूरे भारत में चलाए जा रहे स्वदेशी अपनाओ अभियान के अंतर्गत शनिवार को नगर में स्वदेशी जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ विनोद गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल, जिला सहसंयोजक विपुल अग्रवाल, नगर संयोजक अंकित गोयल, विश्व प्रकाश शर्मा, जिला मंत्री ललित मोदी, नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, महामंत्री अमित टांक, गुड्डू प्रजापति, उपाध्यक्ष नितेश तोमर, हिमांशु अग्रवाल, कमल कंसल, अखिलेश मित्तल सहित नगर पालिका सभासद शिवकुमार शर्मा, मंगतराम, गौरव बंसल, संदीप, दीपक राबिया एवं बड़ी संख्या में व्यापारी व नगरवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने कहा कि आज देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर नागरिक को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना होगा। स्थानीय उत्पादों के प्रयोग से न सिर्फ छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Inder Jeet Singh Titu
31m ·

किसान ट्रस्ट की तरफ से आज पंजाब में राहत सामग्री भेजी गई
एक बहुत ही अच्छा प्रयास
कैबिनेट मंत्री राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह जी की धर्मपत्नी चारु चौधरी जो किसान ट्रस्ट की अध्यक्ष है उनके द्वारा झंडी दिखाकर सामग्री को रवाना किया गया




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सामाजिक सरोकार हो और उसमें परोपकार हो तो सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू सबसे आगे अपने योगदान के साथ रहते हैं। किसान ट्रस्ट की अध्यक्ष तथा रालोद मुखिया जयंत चौधरी की पत्नी चारू चौधरी ने राहत सामग्री के ट्रक को रवाना किया। यह राहत सामग्री किसान ट्रस्ट द्वारा भेजी गई है। चारू चौधरी किसान ट्रस्ट की अध्यक्ष हैं। सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने परोपकार के इस संदेश को अपनी फेसबुक पोस्ट के जरिए साझा किया। सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# 26 सितंबर को होगा संतोष ऐकेडेमिया टैलेंट एग्जामिनेशन का आयोजन






**परीक्षा की तिथियां:** परीक्षा के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 सितंबर है। परीक्षा की तिथि: 26 सितंबर और परीक्षा के परिणाम की घोषणा 20 अक्टूबर नियत की गई है।

**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** संतोष ऐकेडेमिया आगामी 26 सितंबर को जिला स्तरीय ₹संतोष ऐकेडेमिया टैलेंट एग्जामिनेशन₹ का आयोजन करने जा रहा है। इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को पहचानना और प्रोत्साहित करना है।

**परीक्षा के विवरण:** यह परीक्षा कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए होगी। परीक्षा 1 घंटे की होगी, जिसमें कुल 30 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। प्रश्नपत्र में गणित, भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान और मानसिक क्षमता से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय (एमसीक्यू) होंगे और उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर भरने होंगे।

**पुरस्कार और छात्रवृत्ति:** परीक्षा हेतु प्रथम पुरस्कार - 50,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार - 40,000 रुपये और तृतीय पुरस्कार - 30,000 रुपये रखा गया है। विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर 100% तक की छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कुल छात्रवृत्ति राशि लगभग 50 लाख रुपये तक रहेगी।

प्रेस वार्ता करते हुए डॉ. श्वेता चौधरी जनरल मैनेजर मार्केटिंग ने इसकी जानकारी दी। वहीं संतोष ऐकेडेमिया के मुख्य परिचालन अधिकारी विक्की माहेश्वरी ने बताया कि यह परीक्षा शहर के सभी प्रमुख विद्यालयों और आरडीसी स्थित संतोष ऐकेडेमिया सेंटर पर आयोजित होगी। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और उन्हें उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

## शिप्रा रिवेयरा में अनंत चतुर्दशी पर्व पर हुआ भव्य आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इन्दिरापुरम स्थित शिप्रा रिवेयरा के हनुमान मंदिर में अनंत चतुर्दशी पर्व पर भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में घट दीप विसर्जन कथा और आरती का आयोजन किया गया। अनंत चतुर्दशी पर्व पर भगवान अनंत की पूजा-अर्चना के बाद 51 किलो लड्डू का भोग लगाया गया। भक्तों ने भावपूर्ण तरीके से अनंत की पूजा-अर्चना की और कथा श्रवण किया।

इस अवसर पर भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर पूजन और कथा श्रवण किया। अंत में सभी भक्तों को लड्डू भोग वितरित किया गया। हेमंत वाजपेयी ने बताया कि शिप्रा रिवेरा मंदिर समिति की ओर से इस पर्व का आयोजन किया गया था। समिति के सदस्यों ने भक्तों के लिए सभी व्यवस्थाएं की थीं और पर्व को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।